## न्यूज ब्रीफ

### खाद्य सामग्री के मूल्यों में बढ़ोतरी पर जताई चिंता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर के समाजसेवी कौशल कुमार गुप्ता जनहित की समस्याओं को लेकर केंद्रीय खाद्य मंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी तिलहर को सौंपा। इसमें कहा गया कि खाद्य सामग्री आदि के मूल्यों में बढ़ोत्तरी होती जा रही है। जिससे आम जनता की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है और गरीब जनों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पत्र में खाद्य सामग्री तेल, राशन, साबुन चीनी, मेवा, दाल आदि वस्तुओं के दामों के कीमतों में कमी करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रमोद कुमार यादव, मृत्युंजय सिंह, प्रिन्स राजपूत एडवोकेट आदि थे।

### फाइलेरिया अभियान का किया बहिष्कार

**निगोही, अमृत विचार :** आशाओं ने फाइलेरिया अभियान का बहिष्कार कर दिया है, क्योंकि उन्हें 3 साल से बकाया भुगतान नहीं मिला है। आशाओं का आरोप है कि स्वास्थय विभाग के द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है और उनके बाउचर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। आशाओं ने अपनी मांगें रखी हैं, जिनमें टीबीआई का भुगतान, राज्य बजट का भुगतान, जे एस वाई का भुगतान, डीटस प्रवाइटर का भुगतान, आयुषमान कार्ड का भुगतान, आभा आइडी सी बै क का भुगतान और नसवन्दी का भुगतान शामिल हैं।

# गोशाला से 500 मीटर दूर मिले गोवंश के शव

## कैहमारिया में झाड़ियों में पड़े मिले अवशेष जेसीबी से दबाए, प्रधान-सचिव पर लापरवाही का आरोप

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कैहमारिया में स्थित अस्थाई गोशाला से करीब 500 मीटर दूर पर सोमवार को गोवंशों के शव और कंकाल बरामद हुए है। सूचना पर थाना प्रभारी व खंड विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रधान से मृत गोवंशों के बारे में जानकारी की। प्रधान ने बताया कि गोशाला के गोवंशों के अवशेष नहीं है। लोग यहां मृत गोवंश के शव डालकर चले जाते है। अधिकारियों ने जेसीबी मशीन मंगवाकर गोवंश के अवशेषों को दफन करा दिया। 22 से अधिक मृत गोवंशों की संख्या आंकी गई है।

खुटार की ग्राम पंचायत कैहमारिया के मजरा मैदा खेड़ा में अस्थाई गोशाला है। गोशाला में करीब 165 गोवंशीय पशुओं की देखरेख होती है। गोशाला से पूर्व दिशा में रेत के टीला हैं। यहां पर काफी घास फूस और झाड़ियां खड़ी हैं। सोमवार को लोगों ने जानकारी दी कि गोशाला के पास



सूचना पर पहुंचे खुटार बीडीओ आशीष कुमार। ● अमृत विचार

स्थित मिट्टी के टीलों के बीच में दर्जनों की संख्या में गोवंशीय पशुओं के शव और कंकाल पड़े हैं। सूचना मिलते ही समाजसेवी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां आधा दर्जन से अधिक गोवंशीय पशुओं के शव पड़े मिले और कुत्ते व कौए नोच कर खा रहे थे। वहीं पर अलग-अलग स्थानों पर झाड़ियो के बीच में डेढ़ दर्जन से अधिक गोवंशीय पशुओं के सिर, कंकाल व हड्डियां पड़ी मिली। लोगों ने इसकी सूचना मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह के साथ ही खंड विकास अधिकारी डॉक्टर

> सूचना पर मौके पर पहुंचा था। जो अवशेष मौके पर पड़े थे। उनको जेसीबी से दफना दिया गया है। जांच की जा रही है कि इतने अवशेष कहा से आए है।
>
> **- आशीष कुमार**, बीडीओ खुटार

आशीष सिंह, थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह को दी गई। बाद में बीडीओ व थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। अधिकारियों के पहुंचने पर प्रधान पहुंच गए। जहां गोवंशों के बारे में पूछताछ की। लेकिन प्रधान ने गोशाला के गोवंश है। इस बात से इनकार किया है। पुलिस ने जेसीबी मशीन मंगवाकर



शवों को दफनाती जेसीबी। ● अमृत विचार

### ढाई घंटे बाद भी नहीं पहुंचे सचिव

गांव कैहमारिया में गोवंशों के अवशेष बरामद होने के मामले में बीडीओ को सूचना दी गई थी। सूचना के समय बीडीओ बाहर थे। तो सचिव से मौके पर जाने की बात कही गई थी। सूचना देने के ढाई घंटे बीत जाने के बाद भी सचिव नहीं पहुंचे। जिससे लोगों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। बाद में बीडीओ मौके पर पहुंचे और गोवंशों के शव मिलने पर प्रधान से जानकारी ली। हालांकि, जांच चल रही है।

गोवंशों के शवों, कंकालों, सिर और हड्डियों को गड्ढा खुदवाकर दफन करा दिया है। समाजसेवियों का आरोप है कि गोशाला की देखरेख करने वाले प्रधान और सचिव की लापरवाही की वजह से गोवंश की मौत होती है और बाद में उनके शवों को गड्ढा खोदकर दफनाने की जगह कर्मचारी यहां लाकर झाड़ियों में फेंक जाते हैं। जिन्हें कौए व कुत्ते नोच कर खाते रहते हैं। इस मामले में अधिकारियों से जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

# पुलवामा हमले की पीड़ा अब तक भुला नहीं पाए



टाउन हाल स्थित शहीद उद्यान में आयोजित काव्य गोष्ठी में कवि और शायर।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शहीद जवानों की स्मृति में काव्य गोष्ठी टाउन हाल स्थित शहीद उद्यान में हुई

**अमृत विचार :** पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में काव्य गोष्ठी का आयोजन टाउन हाल स्थित शहीद उद्यान में किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान ने अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उन्होंने कहा मातृभूमि की रक्षा के हित, तुमने अपने प्राण गंवाए। पुलवामा हमले की पीड़ा अब तक भुला नहीं हम पाए। फाउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने कहा -जन-गण-मन में भागीदारी बनती है। राष्ट्रवाद की ही तैयारी बनती है। उपाध्यक्ष शायर इशरत सगीर ने कहा दुश्मन तेरी औक़ात बता देंगे तुझे। हो जंग तो फिर धूल चटा देंगे तुझे। काव्य गोष्ठी में सचिव विकास सोनी ऋतुराज, आतिश मुरादाबादी, अभिषेक ठाकुर अधीर ने भी कविता पाठ किया। इसके अतिरिक्त अजय सक्सेना व अमित कुमार ने उपस्थिति दर्ज कराई। संचालन व आभार ज्ञापन विकास शर्मा ''पारस'' ने किया।

# सामूहिक ध्यान साधना से हुआ उत्सव आरंभ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल दाजी के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के दूसरे चरण का सोमवार को शुभारंभ हुआ।

प्रातः काल उत्सव का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश–विदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की मंगल कामना की। इस अवसर पर दाजी ने अपने संदेश में कहा कि सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडिटेशन की सुबह की ध्यान पद्धति वास्तव में उद्देश्य के साथ एक दैनिक मुलाकात है। प्राणाहुति हृदय में प्रवेश करने पर केवल मन को शांत ही नहीं करती



रामचन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव–2026 के दूसरे चरण में सोमवार को अभ्यासियों का अभिवादन करते दाजी।

- आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण

बल्कि यह आंतरिक दिशा को बदल देती है। यही कारण है कि नियमित अभ्यास करने से ध्यान और उसके बाद आने वाला दिन, दोनों ही बेहतर हो जाते हैं। जो व्यक्ति वास्तव में खुले दिल का है, उसे प्रेरित होने के लिए कारण गढ़ने की आवश्यकता नहीं होती। प्रेरणा अस्तित्व के तर्क के साथ एक संक्षिप्त मुलाकात से उत्पन्न होती है। समारोह के दौरान दाजी ने लालाजी महाराज एवं बाबूजी महाराज की प्रतिमाओं को सैकड़ों अभ्यासियों को वितरित किया। साथ ही एक संदेश पुस्तक का विमोचन भी किया। बसंत उत्सव के अंतर्गत आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण रहा। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी दाजी ने साधकों को ध्यान कराया। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, सर्वेश चंद्रा, माधो गोपाल अग्रवाल, एके गर्ग, श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, ममता सिंह, राज गोपाल अग्रवाल, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सिंह, शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, माया सिंह, बबिता यादव, बेबी राज, कुमार अभय, पूनम जायसवाल सहित अनेक साधकों का योगदान रहा।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लीड कान्वेंट स्कूल में कक्षा प्री-नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा मनोज मिश्रा एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम ने समारोह का आरंभ किया।

मुख्य अतिथि ने कक्षा प्री नर्सरी से आठवीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, कला, संगीत और अनुशासन के लिए पुरस्कार प्रदान किए। लीड शाइनिंग स्टार का अवार्ड माहिरा खान, ईशान गुप्ता, माहिरा खान, रूमैसा, अबूजर, नील मिश्रा, आयांश स्वरित, अथर्व यादव, शौर्य सक्सेना, मोहम्मद



लीड कान्वेंट स्कूल में छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

याह्या, अनिकेत सिंह, अजीरा फातिमा, मूगीज, आद्या, सृष्टि, सुमेरा, वरीशा, श्रेष्ठ, आयशा, मानसी, अजान, जोहा ताज, एंजेल सक्सेना, नवाज अहमद खां, हूरिया, इनाया फातिमा, जोहा ताहिर, जोया फातिमा को दिया गया। शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए शिक्षिका श्रीति सिंह, फराह खान, आस्था मिश्रा, लोचन मिश्रा, नीतू सक्सेना एवं बेस्ट टीचर की ट्रॉफी से फराह खान एवं चांदनी अनवर को सम्मानित किया गया। क्लास ऑफ द ईयर के लिए कक्षा नर्सरी की शिक्षिका राहत जहां और नाजिया जबीं एवं कक्षा केजी की शिक्षिका रूपा सिंह, अपर्णा, ऋतु सक्सेना को सम्मानित किया गया। बेस्ट सपोर्टिंग टीचर ऑफ द ईयर की ट्रॉफी से तरन्नुम अजमी, प्राची

- मुख्य अतिथि नगर आयुक्त ने कार्यक्रम किया आरंभ

सक्सेना, निदा अंसारी, वर्णिका, सबा, अंजलि अग्निहोत्री, रीमा सक्सेना, वरीशा इजाज, शाहवर चांदनी, शबनूर, शाइस्ता, शिवानी, सायमा, शोएबा परवेज, इकरा, नाजरीन को सम्मानित किया।

ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी ग्रीन हाउस, डिस्प्ले बोर्ड ट्रॉफी रेड हाउस, स्पोर्ट की ट्रॉफी ब्लू हाउस एवं पूरे साल बेस्ट परफॉर्मेंस की ट्रॉफी येलो हाउस को दी गई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुत पेश कर वाहवाही बंटोरी। विद्यालय की प्रधानाचार्या तराना जमाल ने वर्षभर की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। संचालन शिक्षिका तरन्नुम अजमी ने किया। अंत में स्कूल के निदेशक मोहम्मद जमाल ने आभार व्यक्त किया।

# एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में केंद्रीय पुस्तकालय के संयोजकत्व में एक दिवसीय पुस्तक मेला का आरंभ और टीचर्स रीडिंग हॉल का उदघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने फीता काटकर किया

उन्होंने कहा कि इस रीडिंग रूम में लगभग 4500 संदर्भ पुस्तकें, समाचार पत्र -पत्रिकाएं व अद्यतन अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई हैं। जो कि अध्येताओं के ज्ञान को बढ़ाने में सहायक होगी। पुस्तक मेला 2026 की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक आयोजन है, जिसका उद्देश्य छात्रों में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें साहित्य व ज्ञान के विविध स्रोतों से जोड़ना है। पुस्तकालयाध्यक्ष



पुस्तक मेले का फीता काटते प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खां। ● अमृत विचार

सैयद अनीस अहमद ने बताया कि इस पुस्तक मेले में जीएफ कॉलेज कार्नर और शाहजहांपुर कार्नर के अंतर्गत शाहजहांपुर के लेखक, कवि व साहित्यकारो की पुस्तकें और सम्पूर्ण भारत से प्रतिष्ठित प्रकाशकों की हिन्दी, अंग्रेज़ी एवं उर्दू भाषा में शैक्षणिक, प्रतियोगी एवं सामान्य ज्ञान संबंधी- नवीनतम पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। पुस्तक मेले में छात्र छात्राओं ने काफी रूचि दिखाई। इस अवसर पर जफरुल्ला खां, विकास कुमार, जहीर अहमद, शहरोज खान, निदा, बुशरा, शाहरुख, सैयद औरंगज़ेब, शाकिर खान, डॉ. विनोद कुमार, श्याम शुक्ला, स्वप्निल यादव के अलावा महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारी, साहित्य प्रेमी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के तहत छात्रों ने निकाली रैली

- नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करने के लिए लोगों को किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन डॉ रजा रसूल के नेतृत्व में मऊ खालसा गांव के प्राइमरी स्कूल में आयोजित शिविर के प्रथम सत्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ समन ज़ेहरा जैदी के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय दिलाजाक में चल रहे द्वितीय छात्रा इकाई के शिविर की शुरुआत सरस्वती वंदना और लक्ष्य गीत से हुई। प्रथम सत्र का विषय नशा मुक्ति रहा स्वयंसेवी छात्राओं ने रैली निकाली और स्लोगन




फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रैली निकालते एनएसएस इकाई के छात्र। ● अमृत विचार

लिखे हुए प्ले कार्ड हाथ में लेकर दिलाजाक मुहल्ले के लोगों को तंबाकू, गुटका, सिगरेट आदि का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निजामुद्दीन खां की देखरेख में कम्पोजिट विद्यालय दिलाजाक में चल रहे छात्र-छात्रा की मिश्रित इकाई के प्रथम सत्र में फाइलेरिया उन्मूलन के अंतर्गत एसएमसी-पीसीआई मोहम्मद शमीम ने जानकारी दी। अंत में स्वयंसेवियों ने स्लोगन, पोस्टर तथा नारे आदि लगाते हुए फाइलेरिया मुक्त शाहजहांपुर पर रैली निकाली। द्वितीय सत्र में तीनों इकाइयों के स्वमंसेवियों ने पुस्तकें हमारी मार्गदर्शिका के अन्तर्गत जीएफ कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय पुस्तक मेले का भ्रमण किया। शिविर को सम्पन्न कराने में रोहित, सूरज, अनुपम, रूद्र, श्रद्धा सिंह, साक्षी, काजल, सदफ, इकरा, इंशा और अमृत भारतीय आदि का योगदान रहा।

# भारतीय कृषक दल का सत्याग्रह जारी

**तिलहर, अमृत विचार :** भारतीय कृषक दल ने 57 दिन से चल रहे सत्याग्रह की प्रशासन पर अनदेखी करने का लगाया आरोप। तहसील मुख्यालय से 50 मीटर की दूरी पर स्थित शहीद कुटी के निकट भारतीय कृषक दल के द्वारा बीते 57 दिनों से 15 सूत्री जनहितैषी मांगों को लेकर सत्याग्रह किया जा रहा है। भाकृद के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक ने स्थानीय प्रशासन पर जन भावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीते 57 दिनों से हम लोग सत्याग्रह कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस शांतिपूर्वक चल रहे प्रदर्शन की तरफ आंख मूंद कर बैठा है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनहितैषी होने का दावा करती है तो वहीं दूसरी तरफ जन समस्याओं के प्रति उनके अधिकारियों की अनदेखी जारी है।

# कम बोली पर आठ जर्जर आवासों की नीलामी रद

**जैतीपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में सोमवार दोपहर आठ जर्जर आवासों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन कम बोली लगने के कारण इसे निरस्त कर दिया गया। इस नीलामी में कुल 27 बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया था। खुली बैठक में पांच राउंड तक बोली लगाई गई। शाहजहांपुर के दिलाजाक निवासी उस्मान खान ने सर्वाधिक चार लाख पांच हजार रुपये की बोली लगाई।

खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इन जर्जर आवासों का स्क्रैप मूल्य 6 लाख 75 हजार रुपये निर्धारित किया गया था। अधिकतम बोली इस निर्धारित मूल्य से काफी कम थी, जिसके चलते नीलामी रद्द कर दी गई। बताया कि नीलामी प्रक्रिया निरस्त होने के बाद अब जल्द ही अगली तिथि घोषित की जाएगी।

# श्री रुद्र बालाजी धाम पर महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजित

- पंचांग पूजन और रुद्राष्टाध्यायी अभिषेक से गूंजा धाम परिसर
- शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को सुंदर वस्त्र धारण कराए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उस्मान बाग पुलिस चौकी स्थित श्री रुद्र बाला जी धाम मंदिर पर सोमवार को कन्या भोज के साथ तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महा महोत्सव सम्पन्न हुआ।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आचार्य पं. डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल ने पंचांग पूजन कराया। इसके उपरांत भूतभावन भगवान भोलेनाथ का ध्यान कराते हुए पाद्य, अर्घ, आचमन के साथ दूध, दही, घी, शहद, शक्कर और पंचामृत से स्नान कराया गया। श्री रुद्राष्टाध्यायी के माध्यम से अभिषेक सम्पन्न कराया गया।

शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को सुंदर वस्त्र धारण कराए,



श्री रुद्र बाला जी धाम मंदिर में महाशिवरात्रि पर अभिषेक और आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

यज्ञोपवीत पहनाया, त्रिपुंड बनाकर भस्म से लेपित किया। विवाह के लिए दूल्हे के रूप में सजाकर बेलपत्र, भांग, धतूरा, शमी पत्र और सुगंधित पुष्पों से श्रृंगार किया गया। फल, मिष्ठान, मेवा अर्पित कर तांबूल और दक्षिणा भेंट की गई। सभी भक्तों ने आरती उतारकर देश और जगत के कल्याण व व्याधियों से निवृत्ति की प्रार्थना की। कथा व्यास पं. अंकुर शुक्ल ने शिव विवाह की कथा श्रवण कराई।

सोमवार को दिन में हवन सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत कन्या भोज का आयोजन कर तीन दिवसीय महा महोत्सव का समापन किया गया।

आयोजन में प्रमुख रूप से डॉ. आर के अबस्थी, अतुल, अलका अरोड़ा, डॉ. शालू अबस्थी, ललित गर्ग, सुनीता गर्ग, डीके सक्सेना, रोहन, संतोष, हेमंत शुक्ल, प्रभात मिश्र, प्रतिमा, सरिता, आकांक्षा, पूनम, मिथलेश, अनन्या, पीहू, बेबी, अंशिका, मीना और शांति सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रमजान के पवित्र महीने को लेकर तैयारियां तेज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** माह-ए-रमजान का पवित्र महीना 18 या 19 फरवरी से शुरू होगा। इसके लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। रमजान का मुबारक महीना इबादत, रहमत और आत्मिक पाकीजगी का महीना माना जाता है।

इस दौरान मुसलमान अल्लाह की रजा हासिल करने और अपने भीतर की बुराइयों को दूर करने के लिए रोज़ा रखते हैं। सेहरी से लेकर सूर्यास्त तक का यह रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि सब्र, परहेजगारी और आत्मसंयम की सीख भी देता है। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना हुज़ूर अहमद मंजरी ने बताया कि यदि 18 फरवरी को चांद नजर आता है, तो उसी रात से तरावीह शुरू होगी और 19 को पहला रोजा होगा। चांद 19 को दिखने की सूरत में 20 फरवरी को पहला रोजा रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महीना आत्मसंयम और आपसी भाईचारे का संदेश देता है।

# मेडिकल कॉलेज में मौतों की मजिस्ट्रेटी जांच की मांग

- सर्व समाज जनकल्याण समिति की बैठक में उठाई मांग

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सर्व समाज जनकल्याण समिति की मोहल्ला दिलाजाक स्थित जिला कार्यालय पर हुई बैठक में मेडिकल कालेज में हो रही मौतों की मजिस्ट्रेटी जांच की मांग उठाई गई।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष शाहनवाज अंसारी ने कहा कि शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में लगातार इलाज में लापरवाही से मरीजों की मौतें हो रही हैं। ज्यादातर चिकित्सक अपनी ड्यूटी से गायब रहकर निजी क्लीनिक का संचालन करते हैं। संगठन ऐसे गायब रहने वाले चिकित्सकों की सूची बनाकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कार्यवाही कराएगा। उन्होंने बताया मेडिकल कॉलेज में लगातार इलाज में लापरवाही से मौतें हो रही हैं। इन मौतों की मजिस्ट्रेटी जांच की मांग की है। बैठक में कपिल पांडेय, फारूक रब्बानी, शशांक शेखर सक्सेना एडवोकेट, ज्ञानेन्द्र यादव, गौरव, सौरभ राठौर, अमन राठौर, सुरेन्द्र, अमन रावत, वसीम खां एडवोकेट, इरशाद खां, साहिल खां आदि उपस्थित रहे।

### ड्यूटी से गायब चिकित्सकों को बर्खास्त करने की मांग

भाजपा सदर के पूर्व नगर मंत्री सुरेन्द्र सक्सेना ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में राजकीय मेडिकल कालेज के पैथोलॉजी विभाग में विभागाध्यक्ष पद पर तैनात महिला चिकित्सक के लगातार अनुपस्थित और अवकाश पर रहने की शिकायत करते हुए उन्हें बर्खास्त करने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

तिलहर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित अलग-अलग स्थानों पर सोमवार को हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो नागरिक घायल हो गए। क्षेत्र के गांव कुआं डांडा निवासी रमेश चंद्र पुत्र रामदीन बाइक से आ रहे थे कि इसी दौरान एक अन्य मोटरसाइकिल ने टक्कर मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पतालों रेफर किया गया है। एक अन्य सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार श्याम जी गुप्ता पुत्र रामगोपाल निवासी बजरिया कटरा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। श्याम जी गुप्ता जिला अस्पताल रेफर कर दिए गए।

### रेल वन-एप पर सभी सुविधाएं होंगी उपलब्ध

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए रेल वन-ऐप तैयार किया है। यात्रियों को सारी सुविधाएं इस ऐप उपलब्ध रहेगी। यात्रियों को रेलवे टिकट काउंटर पर जाने की जररुत नहीं होगी ओर अपने मोबाइल से सारी सुविधाएं मिल जाएगी। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि रेलवे प्रशासन ने यात्रियों के लिए रेलवे वन-ऐप तैयार किया है। इस एप के माध्यम से आरक्षित टिकट, अनारक्षित टिकट, एमएसटी, त्रैमासिक टिकट, ट्रेन की सूचना, कोच की पोजिशन, रेल से संबंधित शिकायत, पीएनआर की पोजिशन, खाने-पीने का आर्डर, टिकट रिफंड, प्लेटफार्म टिकट आदि सूचना इस ऐप के अंदर यात्रियों को उपलब्ध रहेगी। इसके लिए यात्रियों को मोबाइल के प्ले स्टोर में जाकर रेल वन-ऐप डाउन लोड करना पड़ेगा।

### दो गिरफ्तार, 82 ग्राम स्मैक बरामद

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मीरानपुर कटरा पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 82 ग्राम स्मैक का पाउडर बरामद किया है। कटरा प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह को रविवार की रात दस बजे सूचना मिली कि हुलासनगला पुल के निकट दो मादक पदार्थ तस्कर खड़े है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर अजान निवासी रामबाग थाना निगोही और अब्दुल रजा निवासी रामबाग थाना निगोही है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 82 ग्राम स्मैक का पाउडर बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि स्मैक का पाउडर छोटे निवासी लाईखेड़ा थाना कटरा को देने जा रहे थे। इस काम में जो रुपये मिलते है, दोनों लोग बाट लेते है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

# सात पर एफआईआर, पांच आरोपी गिरफ्तार

## जमीन के विवाद में चाचा की कार को टक्कर मार कर रोका, फिर गोली मार कर दी थी हत्या

**वीरेश हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : जमीनी विवाद में चाचा की कार को थार व स्कॉर्पियो से टक्कर मार कर रोकने और फिर गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने भतीजे की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव खमरिया निवासी वीरेश सिंह अपने भतीजे प्रशांत सिंह के साथ रविवार दोपहर करीब दो बजे गोगेपुर स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे। रास्ते में गांव के हवलदार, राम रहीस और एक अन्य व्यक्ति भी कार में सवार हो गए।

रास्ते में गांव के पास ही ब्रह्मदेव स्थान के आगे थार ने उनकी कार को सामने से टक्कर मारी, जबकि पीछे से स्कार्पियो ने टक्कर मारी थी। कार सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। आरोपियों ने वीरेश सिंह को नीचे उतारकर तमंचे से सिर व पीठ में दो गोलियां मार दी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर गढ़िया रंगीन प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ पहुंचे थे। एसपी राजेश द्विवेदी और सीओ तिलहर ज्योति यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था।



थाना गढ़िया रंगीन में गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

- पृथ्वीपुर तिराहा और गंगा एक्सप्रेस-वे अंडरपास से पुलिस ने किया गिरफ्तार
- रविवार की घटना शेष आरोपियों की तलाश में दे रही दबिश

पुलिस ने मृतक के भतीजे प्रशांत की तहरीर पर रविवार देर रात आरोपी भतीजे संजीत सिंह, प्रदीप सिंह, विपिन सिंह, सुरजीत सिंह, मृतक के भाई अवधेश सिंह और नरेश के अलावा एक अन्य व्यक्ति चंदन के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया था।

सभी आरोपी ग्राम खमरिया के रहने वाले हैं। वांछित अभियुक्तों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई थीं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे से संबंधित दो अभियुक्त ग्राम पृथ्वीपुर क्षेत्र में बाहर जाने की फिराक में हैं। सूचना पर सोमवार सुबह 09:55 बजे ग्राम पृथ्वीपुर तिराहा से 50 कदम पृथ्वीपुर की ओर संजीत पुत्र अवधेश सिंह और अवधेश पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी ग्राम खमरिया को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में दूसरी टीम को सूचना मिली कि तीन अन्य अभियुक्त गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लाइन पर ग्राम कुबेर गौटिया को जाने वाले अंडरपास के पास मौजूद हैं। 11:33 बजे पुलिस ने दबिश देकर विपिन पुत्र अवधेश उम्र करीब 20 वर्ष, नरेश पुत्र चंद्रपाल और प्रदीप पुत्र अवधेश निवासी ग्राम खमरिया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना लाकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई और न्यायालय में पेश किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह, उपनिरीक्षक रमेश चंद्र तोमर, उपनिरीक्षक डालचंद्र, उपनिरीक्षक विवेक कुमार, हेड कांस्टेबल मिर्जा जुबैर बेग, हेड कांस्टेबल राशिद, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार और कांस्टेबल विश्वेंद्र कुमार शामिल रहे।

# शोभित हत्याकांड में पांच नामजद, चौकीदार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : मदनापुर क्षेत्र में चर्चित शोभित पाल हत्याकांड में पुलिस ने चौकीदार जौहरी समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने चौकीदार को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ कर रही है। पुलिस टीमें अन्य आरोपियों की तलाश में गैर जिले गयी हुई है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बंधा निवासी रामवरन ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह 06 बजे उसका पुत्र शोभित पाल वीरपाल के खेत से मिट्टी लेने गया था। उसी समय चौकीदार जौहरी के हाथ लाठी, जामन के हाथ में तंमचा, उदयवीर के हाथ में लाठी और वलवीर के हाथ में लोहे की राड व शिवजी के हाथ में लाठी लेकर खेत पर आए। उसके पुत्र शोभित पाल और दूसरे ट्रैक्टर चालक अरुण शर्मा निवासी मदनापुर से कहा कि उसके घर पर सालों दो ट्राली मिट्टी डालो। उसके पुत्र शोभित पाल व दूसरा ट्रैक्टर चालक अरुण शर्मा ने मिट्टी डालने से मना किया। आरोपियों ने उसके पुत्र शोभित पाल को लाठी-डंडों से पीटकर मारडाला और दूसरे चालक अरुण शर्मा ने भागकर शोर मचाया। शोर सुनकर मृतक का चाचा श्याम वरन दौड़कर गए और कहा कि मेरे भतीजे को क्यों मारडाला। इस दौरान मृतक शोभित पाल के पिता रामवरन भी पहुंच गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी चौकीदार जौहरी, जागन, उदयवीर, वलवीर, शिवजी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी चौकीदार जौहरी को सोमवार की शाम गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस टीमें अन्य आरोपियों की तलाश में गैर जिले गयी हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चौकीदार से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ई-रिक्शा चालक की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : रामचंद्र मिशन थाना से कुछ दूरी पर ब्लाक कार्यालय के सामने ई-रिक्शा चालक बेहोशी की हालत में मिला। परिवार वाले मौके पर गए और उसे लेकर मेडिकल कॉलेज गए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले उसका शव अस्पताल लेकर घर आए और केरुगंज चौराहे पर जाम लगा दिया। इस दौरान चौराहे पर जाम लग गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। रामचंद्र मिशन और चौक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों को समझाकर जाम खुलवा दिया।


मनोज कश्यप।

चौक कोतवाली के मोहल्ला मंघई टोला निवासी 35 वर्षीय मनोज कश्यप ई-रिक्शा चलाता था। रविवार की शाम पांच बजे ई-रिक्शा लेकर घर से निकला।


परिवार वालों ने केरूगंज चौराहे पर लगाया जाम। ● अमृत विचार

- हत्या करने का आरोप, कार्रवाई का आश्वासन पर शांत हुए मृतक के परिजन

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में ब्लाक कार्यालय के सामने रात नौ बजे चालक ई-रिक्शा पर बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों को सूचना दी। परिवार वाले मनोज को लेकर रात ही में मेडिकल कालेज ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले उसका शव लेकर घर पर आ गए। सोमवार को दिन में 11 बजे परिवार वालों ने केरुगंज चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह और रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता फोर्स के साथ चौराहे पर पहुंच गए। मृतक के परिवार वालों ने मारपीट करके हत्या का आरोप लगाया है। परिवार वालों ने निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष जांच की जाएगी। इस आश्वासन पर 20 मिनट बाद जाम खत्म हो गया। उसकी पत्नी ललिता और दो बेटो तथा परिवार के अन्य लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# किसानों को व्यावसायिक खेती की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कृषि जलवायु अंचलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की सम्भावना

अमृत विचार : आगामी सप्ताह के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की वर्षा एवं अन्य कृषि जलवायु अंचलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की सम्भावना है।

जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने किसानों को आलू एवं शाक भाजी की व्यावसायिक खेती की जानकारी देते हुए बताया कि अक्टूबर माह में बोई गयी आलू की फसल फरवरी माह के अन्त तक पक जाती है। खुदाई से 10 दिन पहले आलू की बेल को काट दें, एवं अब सिंचाई न करें जिससे आलू पक जाता है और छिलका मजबूत हो जाता है। उन्होंने टमाटर तथा मिर्च की ग्रीष्मकालीन फसल के लिए रोपाई एवं कद्दू वर्गीय फसलों की बुवाई फरवरी माह में करने की सलाह दी। फसल को झुलसा रोग से बचाव हेतु 0.2 प्रतिशत (2 ग्राम/ली) की दर से मैंकोजेब का छिड़काव करें। उन्होंने फल बागवानी की जानकारी देते हुए बताया कि आम के अगेती बौर को खर्रा या दहिया रोग से बचाने हेतु घुलनशील गंधक के 0.2 प्रतिशत घोल (2.0 ग्राम प्रति लीटर पानी) का छिड़काव करना चाहिए। उन्होंने जुलाई से सितम्बर माह के मध्य में लगाये गये आम, अमरूद, नींबू आदि के नवीन बागों में जो पौधे किसी कारणवश मृत हो गये हैं। उनके स्थान पर नये पौधे लगाये जाने की सलाह दी। एकीकृत कीट प्रबंधन के लिए ज्यादा मौसम की समस्त शाकभाजी फसलों में नीम सीड कर्नल एक्सट्रैक्ट 5 मिली प्रति 01 लीटर हल्के गरम पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इसका छिड़काव 10-15 दिनों के अंतराल पर आवश्यकतानुसार करना चाहिए। इस सप्ताह के दौरान मौसम मुख्यतः शुष्क रहने के साथ कृषकों को आवश्यकतानुसार सिंचाई करने की सलाह दी।

# दो वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कटरा पुलिस ने संदोष मानव वध के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। कटरा थाना क्षेत्र के लाईखेड़ा गांव निवासी भीकम ने 27 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज करायी है कि दुवेश, भूपेंद्र और महेश ने उसके साथ मारपीट की थी। पुलिस ने एनसीआ दर्ज की थी। इलाज के दौरान भीकम की मौत हो गयी थी। पुलिस ने मुकदमा गैर इरादन हत्या में तरमीम कर दिया था। पुलिस ने फरार चल रहे वांछित अभियुक्त दुर्वेश और भूपेंद्र निवासी लाईखेड़ा थाना कटरा को हुलासनगला ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि 26 जनवरी की सुबह गांव के भीकम से मारपीट हो गयी थी। उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया। टीम में कटरा थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक आदित्य कुमार आदि शामिल थे।

# फायरिंग में आठ लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, पुवायां

- घर में घुसकर मारपीट व जानलेवा हमला करने का मामला

अमृत विचार: थाना पुवायां क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बताया गया कि 15 फरवरी की सुबह करीब साढ़े दस बजे पीड़ित का भाई शाहजहांपुर जा रहा था। गांव के पास रामप्रकाश अस्पताल के समीप पहुंचते ही आरोपियों ने उसे घेर लिया। रिपोर्ट के अनुसार अवनीश, राजेश, ज्ञानेश, शिवम शुक्ला, राहुल, अंकित, गोविंद व गोपाल को नामजद किया गया है।

आरोप है कि अवनीश ने जान से मारने की नीयत से फायर किया, जिससे युवक मोटरसाइकिल से गिर पड़ा। इसके बाद अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर उसके पिता सतीशचंद्र के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए परिजनों को भी नहीं बख्शा गया। एक अन्य आरोपी द्वारा राइफल से फायर करने का भी आरोप लगाया गया है, जिसमें जानमाल का नुकसान होते-होते बचा। थाना पुवायां पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नौसारा गोलीकांड में चार लोग नामजद

मिर्जापुर, अमृत विचार : नौसारा झपुला निवासी कलट्टर सिंह की तहरीर पर गांव के नेत्रपाल, कमलेश, धर्मेंद्र और परविंदर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार रविवार शाम करीब तीन बजे कलट्टर सिंह का पुत्र कौम सिंह घर के दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि कमलेश और नेत्रपाल ने अवैध तमंचे से फायरिंग की, जिसमें कौम सिंह को गोली लग गई। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# गन्ना काटने के विवाद में महिला पर हमला, रिपोर्ट

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचार : थाना पुवायां क्षेत्र के गांव परसियाखेड़ा में गन्ना काटने को लेकर हुए विवाद में एक महिला पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परसियाखेड़ा निवासी इमामन पत्नी निजामुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 14 फरवरी की सुबह घर पर काम कर रही थीं। इसी दौरान पड़ोस की सीमा पत्नी इक़बाल पुत्री मो० नबी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा कि तूने गन्ना काटने से रोक नहीं पाया। गाली गलौज का विरोध करने पर मोहम्मद नबी, सलमान व इक़बाल लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि मो० नबी ने उनके सिर पर लाठी से वार किया, जिससे सिर फट गया। अन्य लोगों ने भी डंडों से मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के समय उनका पति घर पर मौजूद नहीं था। घायल महिला का मेडिकल परीक्षण 14 फरवरी को कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# साड़ी का फंदा बनाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो, पति को ठहराया मौत का जिम्मेदार

अमृत विचार : चिनौर गांव में महिला ने मकान की दूसरी मंजिल पर पंखे के कुंडे से साड़ी का फंदा गले में कसकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले महिला ने वीडियो बनाया। इसमें मौत का जिम्मेदार पति को ठहराया। फोन पर दंपती के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।


पिंकी शुक्ला।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी दीपक शुक्ला की शादी कई साल पहले पिंकी शुक्ला निवासी बेहटा गोकुल जिला हरदोई के साथ हुई थी। रविवार की रात 8 बजे पिंकी ने खाना बनाया और परिवार वालों को खाना खिलाकर मकान की दूसरी मंजिल पर चली गई। उसने पंखे के कुंडे से साड़ी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। अंश शुक्ला करीब रात में 10 बजे मकान की छत पर गए तो देखा कि मां का शव कुंडे से साड़ी के फंदे से लटका हुआ है। पिंकी ने दरवाजा बंद कर लिया था, लेकिन कुंडी नहीं लगाई थी। उसके पास मोबाइल पड़ा था। खबर मिलने पर पति दीपक शुक्ला घर पर पहुंचे। उन्होंने थाना सदर बाजार को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में ले लिया। बताते है कि उसका पति शाम को घर पर नहीं था। उसकी पति से फोन कहासुनी हुई थी। पिंकी ने फोन पर पति को घर आने के लिए कहा था और पति ने कहा था अभी नहीं आ सकता हूं। महिला ने एक वीडियो बनाया है। वीडियो में अपनी मौत का जिम्मेदार पति को बताया है। पुलिस ने मृतका के मायके वालों को सूचना दे दी है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि मकान के दो मंजिल पर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसका मोबाइल कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तौकीर के पुत्र की मादक पदार्थ सेवन रिपोर्ट पॉजिटिव

संवाददाता, तिलहर

- 6 जनवरी को कार से बस में हुई थी टक्कर, गाड़ी से मिली थी क्रिस्टल स्मैक

अमृत विचार : बरेली बवाल के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा के पुत्र फरमान रजा के मादक पदार्थ सेवन की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने मुकदमे में कार्रवाई शुरू करने की बात कही है।

6 जनवरी को देर शाम कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर के सामने फरमान रजा ने कार से सीतापुर डिपो की बस में पीछे से टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वह नशे की हालत में मिला। तौकीर रजा का पुत्र होने के कारण एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे और सीओ ज्योति यादव ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की थी। कार की तलाशी के दौरान ट्रॉली बैग चर्चा का विषय बना था।

जांच में एक कागज में लिपटी क्रिस्टल स्मैक और सिरिंज बरामद हुई थी। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कर मादक पदार्थ सेवन की पुष्टि के लिए सैंपल जांच को भेजा था।

उसी रात कोतवाली पुलिस की ओर से फरमान के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था और जमानत पर उसे रिश्तेदार की सुपुर्दगी में दे दिया गया था।

कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि सैंपल की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिससे स्पष्ट होता है कि कार चलाते समय फरमान ने क्रिस्टल स्मैक का सेवन किया था। उन्होंने बताया कि अब मुकदमे में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में स्कूल के गार्ड की मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार: सुभाषनगर रोड पर वाहन ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे स्कूल का गार्ड घायल हो गया। घायल को मेडिकल कालेज भेजा गया। डाक्टर ने गार्ड को मृत घोषित कर दिया। उसकी लाइसेंसी बंदूक टूट गयी। निगोही थाना क्षेत्र के गांव सतवां खुर्द निवासी 55 वर्षीय राम किशन एक निजी स्कूल में सुरक्षा गार्ड है। उसकी डियूटी रात में स्कूल में रहती है। रविवार की रात गार्ड साइकिल से ड्यूटी पर स्कूल जा रहा था। सुभाषनगर रोड पर अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे गार्ड घायल हो गया। उसकी लाइसेंसी बंदूक टूट गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और गार्ड को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने राम किशन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिवार वाले देर रात मेडिकल कालेज पहुंच गए। परिवार में रोना पीटना मच गया।

# युवक की मेडिकल कॉलेज में जान गई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : डीगरपुर में स्कूल के पास युवक बेहोशी की हालत में मिला। परिवार वालों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। इस दौरान मौत हो गई। परिवार वालों ने बेटे के दोस्त पर घर से बुलाकर ले जाने और शराब में जहर देने का आरोप लगाया है।


आकाश।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव डींगरपुर निवासी 28 वर्षीय आकाश 11 फरवरी को गांव में प्राइमरी स्कूल के पास शराब के नशे में बेहोशी की हालत में पड़ा था। परिवार वालों ने शाम 8 बजे उसकी तलाश की तो बेहोशी की हालत में मिला था। परिवार वालों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। डॉक्टर ने दूसरे दिन उसे बरेली रेफर कर दिया था। परिवार वालों ने आकाश को बरेली कि एक अस्पताल में भर्ती कराया था। परिवार वाले 14 फरवरी को बरेली से वापस मेडिकल कॉलेज लेकर आए गए थे। यहां इलाज के दौरान रविवार की शाम उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि गांव के दो लोग उसे घर से बुलाकर ले गए थे। आरोप है कि शराब में जहर मिलाकर उसे पिला दी। एक दोस्त ने उसकी पत्नी के पास रात 8 बजे फोन किया कि आकाश शराब के नशे में स्कूल के पास पड़ा है। परिवार वालों का आरोप है कि दोस्तों ने शराब में जहर मिलाकर पिलाई है।


पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- दोस्तों पर घर से बुलाकर ले जाने और शराब में जहर मिलाकर हत्या करने का आरोप

मृतक की पत्नी ने एक सप्ताह पूर्व बेटे को जन्म दिया था। उसका एक तीन साल का बेटा भी है। वह मजदूरी करता था। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच करायी जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# छह लोगों पर हत्या का आरोप लगाकर दी तहरीर

संवाददाता, बंडा

- 8 दिसंबर से लापता राजेश का 14 फरवरी को मिला था शव

अमृत विचार : दो माह पहले रहस्यमय ढंग से लापता हुए युवक का शव शनिवार सुबह आम के पेड़ से लटका मिला। मामले में मृतक के पिता की ओर से छह लोगों को नामजद करते हुए शनिवार शाम तहरीर दी गई है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गढ़िया निवासी अमर सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 28 वर्षीय पुत्र राजेश 8 दिसंबर को घर से आवारा पशुओं को भगाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। तलाश के दौरान खेतों की ओर जाने पर उसकी चप्पलें और साइकिल मिली थीं। उसी दिन बंडा पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। 14 फरवरी की सुबह राजेश का शव उसके भाई रामरहीस के खेत में खड़े आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। अमर सिंह ने आरोप लगाया है कि जिन लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, उन्हीं छह लोगों ने उसके पुत्र का अपहरण कर हत्या की और शव को पेड़ से लटका दिया। साक्ष्य मिटाने के लिए चेहरे को पहचानने योग्य नहीं छोड़ा गया और शव को घनी डालियों के बीच छिपाने का प्रयास किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ महीने पहले आरोपियों ने उनके पुत्र के साथ मारपीट की थी और उसे गायब करने की धमकी दी थी। मृतक राजेश अपने पिता का इकलौता पुत्र था और उसकी एक वर्ष की बेटी है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है और फॉरेंसिक तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**न्यूज ब्रीफ**

### संघ विरोधी गतिविधियों में शामिल 6 कर्मचारी निष्कासित

**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बाबा कॉलोनी में हुई बैठक में कर्मचारी विरोधी गतिविधियों में शामिल छह सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध संगठनात्मक कार्यवाही करते हुए छह साल को संघ की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया है। सोमवार को संघ की बैठक में कहा गया कि कुछ कर्मचारियों ने अपना तथाकथित अलग संगठन बना कर आपसी भाईचारे को क्षति पहुंचाई है इसलिए उन लोगों को संघ में बनाए रखना मुमकिन नहीं है। संघ विरोधी गतिविधियों में पाए जाने पर ब्लॉक म्याऊ के प्रेम सिंह यादव, ब्लॉक बिसौली के बच्चू सिंह, ब्लॉक जगत के एवरन सिंह, व शक्ति सिंह, ब्लॉक उझानी के सोमवीर सिंह, व ब्लाक म्याऊ के ही सरवन कुमार को अलग संघ बनाने के आरोप में संघ की प्राथमिक सदस्यता से छह साल को निष्कासित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला मंत्री उमाशंकर ने बताया कि उक्त सभी सदस्यों को संघ से बाहर किया गया है।

### पेंशनर्स ऑनलाइन भेज सकेंगे जीवित प्रमाण पत्र

**बदायूं, अमृत विचार :** वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी ने पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स अब ऑनलाइन भी कोषागार में भेज सकते हैं। इसके अलावा वह आधार फेस आरडी ऐप के माध्यम से भी जीवित होने का प्रमाण पत्र भेज सकते हैं। बताया कि आधार फेस आरडी एप को फोन में प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। बताया कि यह व्यवस्था ऐसे पेंशनर्स के लिए शुरू की गई है जो बीमार हैं, या फिर चलने फिरने में असमर्थ हैं। कहा कि जिन पेंशनर्स की मृत्यु हो चुकी है। उनकी सूचना कोषागार को देंगे। ताकि उनकी पेंशन बंद की जा सके।

### युवक ने थाने के सामने बनाई रील

**बदायूं, अमृत विचार :** एक युवक ने थाना वजीरगंज के सामने फिल्मी गाने पर रील बनाई और अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दी। कस्बा वजीरगंज के वार्ड छह निवासी अंकुल सिंह को रील बनाने का शौक है। वह थाने के सामने पहुंचा और फिल्मी गाने रोक सके जो दिल वालों को, ऐसी कोई जेल नहीं पर रील बनाई। पुलिस ने युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। सोशल साइट्स पर वह रील भी हटवा दी गई है।

# जिले में 20 हजार और बनेंगी लखपति दीदी

## महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर कर सकेंगी एक लाख तक आय अर्जित, महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरी है। उनके सशक्तिकरण का भी रास्ता भी खुला है। लखपति दीदी योजना का असर जिले में देखने को मिल रहा है। इस योजना का लाभ लेकर जनपद की महिलाओं के चेहरों खुशी साफ झलक रही है। लखपति दीदी योजना ने महिलाओं की न सिर्फ उनकी जिंदगी बदली, बल्कि उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने और परिवार को चलाने के काबिल भी बनाया है। जिले में 57 हजार महिलाओं को लखपति दीदी का तमगा मिल चुका है।

इस श्रेणी में बीस हजार महिलाएं और शामिल होने वाली हैं। जिसकी तैयारी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग द्वारा करनी शुरू कर दी है।जिले के 15 ब्लॉकों की 1036 ग्राम पंचायतों में 21 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह गठित हैं। इनमें दो लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इन महिलाओं में से करीब 15 हजार से अधिक महिलाओं के समूह सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा लखपति दीदी का लक्ष्य छह करोड़ करने के बाद जिले में करीब 20 हजार और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। ये महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर सालाना एक लाख रुपये से अधिक आय अर्जित कर सकेंगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक के अनुसार पांच साल में जिले की 97 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिला हुआ है। जिसमें से अब तक 57 हजार महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। इस वित्तीय वर्ष में 20 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम चल रहा है। जिन महिलाओं को लखपति दीदी योजना के लिए शामिल किया है वे आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

पशुपालन, डेयरी, सिलाई-कढ़ाई, रेडीमेड वस्त्र निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, खाद्य प्रसंस्करण, मसाला व पापड़ निर्माण, हस्तशिल्प



विकास भवन।

और लघु उद्योग जैसे कार्यों से महिलाएं न सिर्फ अपनी आय बढ़ा रही हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। जिला मिशन प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि जिन समूहों की आय अभी एक लाख रुपये वार्षिक से कम है, उन्हें प्रशिक्षण, बैंक लिंकेज, ऋण सुविधा और विपणन सहयोग देकर आय बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

समूहों को उत्पाद की पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम हो रही है। जिससे उनकी आमदनी बढ़ सके। ब्लॉक स्तर पर लगातार समीक्षा हो रही है। अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जा रहा है। उन्हें स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

- **21 हजार से अधिक समूहों से जुड़ी हुईं हैं दो लाख से अधिक महिलाएं**
- **करीब 57 हजार महिलाओं को मिल चुका है लखपति दीदी का तमगा**

### यह है लखपति दीदी योजना

लखपति दीदी योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मकसद स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। महिलाएं स्वरोजगार या छोटे व्यवसाय के जरिए सालाना कम से कम एक लाख रुपये की आय हासिल कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें इसके लिए योजना के तहत एसएचजी से जुड़ी महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है। लिए गए ऋण पर सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। जिससे महिलाओं पर ब्याज का वास्तविक बोझ न पड़े और वे आसानी से अपना काम शुरू कर सकें।

### लखपति के बाद करोड़पति दीदी की दिशा में होगा काम

जिला मिशन प्रबंधक अमित ने बताया कि शासन के निर्देश पर लखपति दीदी योजना के तहत लक्ष्य की पूर्ति पर काम हो रहा है। आने वाले समय में यह योजना करोड़पति दीदी के रूप में तब्दील हो जाएगी। जो महिला लखपति बन चुकी होंगी, उन्हें करोड़ पति दीदी बनाने के लिए रोजगार के और अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

> 97 हजार महिलाओं को लखपति दीदी का लक्ष्य है। जिसे पांच साल में पूरा करना है। अब तक 57 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। इस वितीय वर्ष में 20 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाना है। जिस पर काम चल रहा है। शेष बचे लक्ष्य को अगले वितीय वर्ष में पूरा किया जाएगा।
> **-अखिलेश चौबे**, उपायुक्त एनआरएलएम।

# केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम




कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता और मंचासीन पदाधिकारी।

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **बदायूं क्लब में व्यापारी संवाद कार्यक्रम में बोले भाजपा जिलाध्यक्ष**

**अमृत विचार :** केंद्रीय बजट के संबंध में बदायूं क्लब में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट देश की आर्थिक मजबूती, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

उन्होंने आगे कहा मोदी सरकार ने इस बजट के माध्यम से व्यापार, उद्योग, किसान और मध्यम वर्ग को राहत देने के साथ एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहन, कर प्रणाली में सरलीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया है। यह बजट व्यापारियों के लिए नई संभावनाएं और अवसर लेकर आया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को और गति मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों ने बजट का स्वागत करते हुए अपने सुझाव और विचार भी साझा किए।

व्यापारियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, प्रदेश मंत्री उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पवन जैन, सर्वेश गुप्ता, गोपाल, रूपेंद्र सिंह लावा, धीरज पटेल आदि व्यापारी जन उपस्थित रहे।

# डेढ़ करोड़ की लागत से बनाया जाएगा बरातेगदार से रजलामई मार्ग

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बने गांव बरातेगदार से रजलामई तक डेढ़ किमी मार्ग के निर्माण के लिए नींव रखी। साथ ही गांव मुल्लापुर में 28 लाख की लागत के निर्माण का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी विधानसभा को मां के समान दर्जा दिया है। क्षेत्र के लोगों की समस्या उनकी निजी समस्या है। क्षेत्र के विकास के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण कदम है। इस सीसी मार्ग के शिलान्यास के साथ एक सड़क के निर्माण का काम शुरू कर रहे हैं बल्कि क्षेत्र की प्रगति, सुगमता और समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं। लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों को कच्ची सड़क



गांव मुल्लापुर में लोकार्पण करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

- **गांव मुल्लापुर में 28 लाख रुपये से किए निर्माण का हुआ लोकार्पण**

और बरसात के मौसम में कीचड़ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई होती थी। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में दिक्कत आती थी।

अब इस पक्के मार्ग के निर्माण से इन सभी समस्याओं का समाधान होगा। सरकार का लक्ष्य है कि विकास की रोशनी हर गांव, हर घर तक पहुंचे। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार हैं। ब्लॉक प्रमुख पति अनेकपाल पटेल, अंकित शाक्य, आर्येंद्र पटेल, अनूप पटेल, विकास पटेल, अरुण भरदाउज, किशनवीर यादव, ऋषिपाल कश्यप, केपी सिंह आदि उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षा में 2699 स्कूलों के शिक्षकों करेंगे ड्यूटी




**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **1787 माध्यमिक स्कूलों के शिक्षक कक्ष निरीक्षक की करेंगे ड्यूटी**
- **कल से शुरू हो रही हैं यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं**

### 40 परीक्षार्थियों वाले कक्ष में होंगे दो कक्ष निरीक्षक

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। नए प्रावधानों के अनुसार इस बार 40 परीक्षार्थियों वाले कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक और 41 से 60 छात्रों वाले कक्षों में तीन कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक केंद्र पर 50 फीसदी शिक्षक दूसरे स्कूलों से हों, ताकि निष्पक्षता बनी रहे।

> यूपी बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। परीक्षा नकल विहीन और पारदर्शिता के साथ कराई जाएगी। कक्ष निरीक्षकों की सूची भी चस्पा कर दी गई है।
> **-लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक।

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा कल से शुरू हो रही है। परीक्षा संपन्न कराने के लिए इस बार 4486 शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के लिए लगाई गई है। इनमें 2699 बेसिक शिक्षा विभाग और 1787 माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक विभाग की ओर से कक्ष निरीक्षकों की सूची चस्पा कर दी गई।

यूपी बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी यानि बुधवार से शुरू हो रही हैं। प्रयोगात्मक परीक्षाएं 01 फरवरी को समाप्त हो चुकी हैं। अब लिखित परीक्षा होनी है। जिसकी तैयारी शिक्षा विभाग और प्रशासन की ओर से पूरी कर ली गई है।

परीक्षा संपन्न कराने के लिए कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में बने 98 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4486 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसकी सूची सोमवार को शिक्षा विभाग की ओर से जारी करते हुए चस्पा कर दी गई। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। पूरे जिले को दो जोन और पांच सेक्टर में बांटा गया है। सेक्टर के अनुसार मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। परीक्षा केंद्र के आसपास की सभी साइबर कैफे और फोटो स्टेशन की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं केंद्रों के सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल रुम से कनेक्ट कर दिए गए हैं। उनका ट्रायल लिया जा रहा है। परीक्षा को लेकर लगभग सभी तैयारी पूरी हो चुकी हैं।

### कक्ष निरीक्षकों के पहचान पत्र पर दर्ज होगा क्यूआर कोड और क्रमांक

यूपी बोर्ड परीक्षा तैनात होने वाले कक्ष निरीक्षकों को ऑनलाइन परिचय पत्र जारी किया गया है। कक्ष निरीक्षकों के पहचान पत्र पर क्यूआर कोड और क्रमांक दर्ज है। पहचान पत्र संदिग्ध लगने की स्थिति में उनके क्यूआर कोड को स्कैन कर जांच की जा सकेगी। आधार कार्ड से ड्यूटी का सत्यापन किया जाएगा।

# लखनऊ जाने की तैयारियों पर की चर्चा

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** परशुराम चौक स्थित शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिला उपाध्यक्ष सुनीता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने 17 फरवरी को लखनऊ में होने वाले विधानसभा घेराव के संबंध में चर्चा की। और लखनऊ चलने का आह्वान किया गया।

जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत 17 फरवरी लखनऊ में विधानसभा घेराव का कार्यक्रम निश्चित किया गया है। कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग एक करोड़ सक्रिय मनरेगा जॉब कार्ड धारक हैं। जिनपर प्रदेश



लखनऊ जाने को लेकर चर्चा करते कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **विधानसभा घेरने के लिए आज लखनऊ जाएंगे कांग्रेस कार्यकर्ता**

की लगभग पांच करोड़ की आबादी की आजीविका निर्भर है।

भाजपा के मनरेगा अधिनियम को कमजोर व समाप्त करने के प्रयास ने गरीब, मजदूर परिवारों को पलायन के लिए विवश कर दिया है। पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों ने मनरेगा की बहाली का संकल्प लिया है। जिसके लिए मनरेगा बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मनरेगा मजदूरों के साथ लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश राठौर, कृष्ण वीर मौर्य, वीरपाल सिंह यादव, गौरव सिंह राठौर, प्रेम कुमार, देवेंद्र कुमार, रईस अब्बासी, सत्तार हुसैन आदि उपस्थित रहे।

### पड़ोसी ने युवक व उसकी पुत्रवधु को पीटा

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव हथिनी भूड़ निवासी हाकिम सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उनके घर के आगे सरकारी हैंडपंप लगा है। जो कई दिनों से खराब था। उनके बेटे ने मिस्त्री को बुलाकर हैंडपंप सही करा दिया और खराब हुए पाइप को निकालकर अपने घर पर रख लिया था।

आरोप है कि उनके पड़ोस में रहने वाले राम मोहन उनके पास आए और पूछा कि सरकारी हैंडपंप से निकला सामान कहां है। हाकिम सिंह ने कहा कि उन्होंने मिस्त्री को अपने पास से 250 रुपये दिए हैं। तब हैंडपंप सही हुआ है। आरोप है कि इसी बात को लेकर राम मोहन ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ डंडों से मारपीट की। उन्हें बचाने आई पुत्रवधु को भी पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# एसआईआर का मिलावटखोरों को मिल रहा लाभ

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **सहालग और त्योहारों को देखते हुए खानपान वस्तुओं की बढ़ी मांग**
- **खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की एसआईआर में लगी ड्यूटी**

### होली के त्योहार पर बढ़ेगी मिलावट खोरों की सक्रियता

आगामी दिनों में होली का त्योहार मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी घरों में होने लगी है। वहीं त्योहार पर मिलावट करने वाले लोगों की सक्रियता और अधिक बढ़ गई है। रंगीन कचरी, चिप्स, पापड़ जैसे उत्पादों में अखाद्य रंगों और निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की मिलावट की जा सकती है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकती है। इन मिलावटी खाद्य वस्तुओं की बिक्री रोक पाना खाद्य सुरक्षा विभाग को किसी चुनौती से कम नहीं होगा।

> एसआईआर सहित अन्य कार्यक्रमों में व्यस्तता अधिक है। जिसके कारण प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। एक दो दिन में टीम गठित कर बाजार में अभियान चलाया जाएगा। जिससे मिलावटी खाद्य वस्तुओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।
> **सीएल यादव**, सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सुरक्षा।

**अमृत विचार:** सहालग और आगामी त्योहारों के चलते खाने पीने की वस्तुओं की मांग अधिक बढ़ गई है। वहीं जिले में चल रहे एसआईआर कार्य में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी व्यस्त हैं। विभागीय अधिकारियों के व्यस्त रहने का लाभ मिलावटखोरों को मिल रहा है। पनीर, कुकिंग ऑयल और मसालों में मिलावट के मामले सर्वाधिक सामने आ रहे हैं।

जनवरी माह में एडीएम कोर्ट के द्वारा 27 मामलों में अर्थदंड लगाया है। मिलावट करने वाले लोगों से 16.70 लाख रुपए अर्थदंड के रूप में वसूले जाएंगे। जिन खाद्य पदार्थ के सैंपल फेल आने पर एडीएम कोर्ट के द्वारा जुर्माना डाला गया है। इनमें अधिकांश खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता बेहद खराब थी और वे खाद्य योग्य नहीं थे। सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय भी इस बात को मानते हैं कि अधिक व्यस्तता की वजह से बाजार में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। एसआईआर सहित अन्य शासन प्रशासन के कार्यक्रमों में मिली जिम्मेदारी की वजह से सैंपल लिए जाने का अभियान बंद पड़ा हुआ है।

अधिकारियों के सक्रिय न रहने की वजह से दुकानदार, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालक मुनाफे के चक्कर में मिलावटी खाद्य सामग्री का प्रयोग खुलेआम कर रहे हैं। खोया, दूध और पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थ में मिलावट करने वाले लोग सक्रिय हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बाजार में भरमार है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य खराब हो रहा है।

### मकान बनवाने को रखे पांच लाख रुपये चोरी

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव तिगुलापुर निवासी किसान राजवीर ने बताया कि उन्होंने मकान बनवाने को पांच लाख रुपये घर पर रखे थे। सोमवार सुबह वह प्लांट की तरफ चले गए। सड़क किनारे उनकी दुकानें बन रही हैं। घर पर पत्नी अकेली थीं, दोपहर करीब 3 बजे वह गांव के बाहर उपले थापने गई थीं। इस दौरान चोरों ने उनके घर के ताला तोड़कर रुपये वाला रखा बैग ले गए। पत्नी घर पर लौटी तो दरवाजे की कुंडी टूटी मिली। भीतर जाकर देखा तो सामान इधर-उधर फैला था। रुपयों का बैग भी गायब था। उन्होंने पति को चोरी की सूचना दी। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। डायल 112 पुलिस ने थाने जाकर तहरीर देने की बात कही, तो उन्होंने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है। जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नेत्र शिविर में 32 मरीज ऑपरेशन के लिए रेफर

**बिल्सी, अमृत विचार :** एनएसपीवी शहीद भगत सिंह नेत्र चिकित्सालय की ओर से तहसील के गांव बांस बरोलिया के वृद्धाश्रम में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आंखों की जांच कराई। शिविर में दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की दृष्टि जांच, ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण के साथ नेत्र संबंधी परामर्श दिया। जांच में 32 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए बरेली के अस्पताल रेफर किया गया। वहीं 50 मरीजों को दृष्टि दोष पाए जाने पर निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से नेत्र रोगों से बचाव संभव है। इस मौके पर पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, आश्रम संचालक वेदव्यास शर्मा, उदयभान सिंह, आकाश देओल, डॉ. दिलीप सिंह, अनूप कुमार जैन, विनीत ठाकुर, पन्नालाल, शिव गौड़ आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम के तबादले तक करेंगे बहिष्कार



तहसील पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बिल्सी**

- **बिल्सी तहसील में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर किया प्रदर्शन**

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन की एक बैठक सोमवार को बार सभागार में आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम प्रशासन पर अधिवक्ताओं के साथ पूर्व में किए गए कथित अभद्र व्यवहार एवं तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुद्दे पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक संबंधित एसडीएम प्रशासन का स्थानांतरण नहीं हो जाता, तब तक उनके न्यायालय का पूर्ण रूप से बहिष्कार जारी रखा जाएगा। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी कर नाराजगी व्यक्त की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। आरोप लगाया कि यहां तैनात उच्च अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। महासचिव ज्ञान सिंह त्यागी ने कहा कि एसडीएम प्रशासन का व्यवहार अधिवक्ताओं एवं जनता के प्रति उचित नहीं है। इस कारण समस्याओं का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है। फरियादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान मुकेश कुमार सिंह, विवेक राठी, गिरीश बाबू, सोहनपाल, रामनाथ शर्मा, सलीम मियां, हेमेंद्र सिंह, वीरपाल सिंह, बागीश माहेश्वरी, श्रीराम, योगेश बिसारिया, संजीव कुमार, अजय पाल सिंह, रामप्रकाश श्रीवास्तव, सतीश चंद सिंह, आशीष शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

### रास्ते में पशु न बांधने को कहने पर पथराव

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव दियोरिया वौरा निवासी गुड्डू ने बताया कि 14 फरवरी को शाम करीब 7 बजे वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर रास्ते में खड़े थे। पड़ोसी वेदपाल आए और कहा कि रास्ता छोड़कर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करो। गुड्डू ने अपना ट्रैक्टर स्टार्ट किया और साइड में ले जाकर लगा लिया। गुड्डू का आरोप है कि वेदपाल सड़क पर ही अपने पशु बांधते हैं। जिससे रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है। उन्होंने वेदपाल से रास्ते में पशु बांधने से मना किया कि आने जाने में परेशानी होती है। इतने में वह गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर वेदपाल, चंद्रपाल, आर्येंद्र, ऐशपाल ने छत से ईंटें और पत्थर फेंके। जो गुड्डू के परिवार के हरवेंद्र, राम रहीश, शानू ओर फूलन देवी को लगे। वह चारों घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुड्डू की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# तीसरे चरण में उपभोक्ताओं ने नहीं दिखाई रुचि

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **बिजली राहत योजना के तीसरे चरण का प्रचार तेज करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** बिजली बिल राहत योजना के तीसरे चरण में उपभोक्ता रुचि नहीं ले रहे हैं जिससे दस दिन में मात्र तीन हजार उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। धीमी गति को देखते हुए योजना का प्रचार बड़े पैमाने पर करने के निर्देश दिए गए हैं।

6 फरवरी से बिजली राहत योजना का तीसरा चरण शुरू हो चुका है। तीसरे चरण में दस दिन में मात्र तीन हजार उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है जबकि 24 लाख से अधिक का राजस्व जमा किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना तीन चरणों में चलाने के आदेश हैं। पहले और दूसरे चरण में उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिल जमा किए। योजना का लाभ उठाया। जबकि तीसरे चरण में उपभोक्ता रुचि नहीं ले रहे हैं। इसके लिए अब एक बार फिर गांव गांव योजना का प्रचार किया जाएगा। जिससे लोगों को योजना के बारे में जानकारी हो सके।

अधिकारियों ने बताया कि एक दिसम्बर से 3 जनवरी तक प्रथम चरण के दौरान उपभोक्ताओं को मूलधन और ब्याज पर 25 प्रतिशत की छूट दी गयी। जबकि दूसरे चरण में उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत की छूट मिली और अब तीसरे चरण में उपभोक्ताओं को मात्र 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। बिजली बिल राहत योजना के तीसरे चरण को और तेजी के साथ चलाने को कहा गया है।

अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि तीसरे चरण का प्रचार प्रसार धीमा है इसलिए राजस्व की वसूली भी कम हुई है। इसलिए आज से विभाग ने प्रचार भी शुरू कर दिया है। बिजली घरों पर उपभोक्ताओं को इसकी पूरी जानकारी दी जा रही है। गांव गांव लाइनमैन और जेई को भेजा जा रहा है। बकाएदारों से संपर्क कर बिल जमा कर योजना का लाभ लेने को कहा जा रहा है।

### खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत हुई तेज

बिजली विभाग ने सोमवार से खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत और तेज कर दी है जिससे गर्मी के समय उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या न हो। कार्यशाला में तीन सौ से अधिक ट्रांसफार्मर मौजूद हैं। जबकि कुछ ट्रांसफार्मर बिजली घरों पर भेजे जा चुके हैं। मंडलीय अधिकारी हरीश ने बताया कि ट्रांसफार्मर और केबल यदि कहीं खराब होती है तो 24 झंटे के अंदर उसे बदला जाएगा। उपभोक्ता को परेशान नही होने दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 7 केंद्रों पर सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा आज से

**बदायूं, अमृत विचार :** सीबीएसई 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज शुरू हो रही हैं। बोर्ड परीक्षा के जिले में सात कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से बनाए गए सभी केंद्रों पर परीक्षा को लेकर व्यापक तैयारियां सोमवार को पूरी की गईं। ताकि विद्यार्थी शांतिपूर्ण, पारदर्शिता और अनुकूल वातावरण में परीक्षा दे सकें। इस बार केंद्रों पर प्रश्न पत्रों की गोपनीयता और विशेष जरुरत वाले विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। दसवीं की परीक्षाएं दस मार्च और 12 वीं की परीक्षाएं नौ अप्रैल को समाप्त होंगी। आज से शुरू होने वाली परीक्षा में विद्यार्थी गणित विषय की परीक्षा के लिए पहुंचेंगे।

### सुबह 11 से शाम 6 बजे तक नहीं आएगी बिजली

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली 33/11 केबी विद्युत उपकेंद्र, मुड़िया धुरेकी पर स्थापित पुराने आईसोलेटर, फ्यूज सेट बदलने और 33 केबी स्वीच यार्ड में साफ-सफाई का कार्य कराया जाएगा। जिससे उपकेंद्र से पोषित सभी 11 केबी फीडर मुड़िया धुरेकी, नसरोल, तारापुर, फैजगंज, मानपुर, मौजमपुर की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक शटडाउन के कारण बंद रहेगी।

### पारिवारिक कलह में पुल से गंगा में कूदी किशोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** पारिवारिक कलह से तंग आकर एक किशोरी ने रविवार देर शाम कछला स्थित भागीरथी घाट पर पुल से गंगा में छलांग लगा दी। घाट पर मौजूद गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगाकर उसे बचा लिया। किशोरी कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी है। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर किशोरी उनके सुपुर्द कर दी।

### दो पक्ष में चल रहे लाठी-डंडे, सात घायल

**बिसौली, अमृत विचार :** सोमवार को बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव गुरयारी में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे। दोनों पक्ष के लगभग सात से ज्यादा लोग घायल हो गए। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने गर्भवती महिला के साथ मारपीट की। जिसकी वजह से दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। जिसमें अरविंद, पूनम, रिंकी, सावित्री, जयपाल, सुनील, विनीता, जयपाल, तारावती, सुनील, विनिता घायल हो गए। घायलों को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# होली पर दिल्ली समेत अन्य मार्ग पर बढ़ेंगे बसों के फेरे

## यात्रियों के लिए तैयारी, लंबी दूरी व ग्रामीण मार्गों पर बढ़ेगी बसें

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**


रोडवेज वर्कशॉप में खड़ी रोडवेज बसें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** होली और ईद का त्यौहार मार्च में मनाया जाएगा। इन त्योहारों को मनाने के लिए परदेश रहकर नौकरी करने वाले लोगों की घर वापसी होगी। घर आने और जाने वाले परदेसियों को रोडवेज बसों में धक्का मुक्की का सामना न करना पड़े इसके लिए रोडवेज परिवहन निगम की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। त्यौहारों को लेकर स्थानीय रोडवेज डिपो द्वारा लंबी दूरी के मार्गों पर के साथ छोटे रूटों पर भी बसों का संचालन किया जाएगा। रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। वहीं कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द की जाएंगी। जिससे बसों का संचालन सुनिश्चित हो सके।

चार मार्च को होली का त्यौहार मनाया जाएगा। इसके बाद 19 मार्च को ईद उल फितर का त्यौहार है। स्थानीय परिवहन निगम डिपो में कुल 165 बसें हैं। इनमें निगम की 120 करीब 44 अनुबंधित बसें हैं। होली और ईद आदि त्योहारों को लेकर रोडवेज बसों के संचालन की तैयारी परिवहन निगम ने शुरू कर दी है। त्योहार पर आने जाने वाले लोगों को कोई असुविधा न होने पर इसकी तैयारी परिवहन निगम की ओर से की गई है। खासकर होली पर इस बार परदेसियों को घर पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। लंबी दूरी वाले दिल्ली रूट पर करीब 80 बसों का संचालन किया जा रहा है। इस रूट पर और बसें बढ़ाई जाएंगी। इस रूट पर डिपो की ही अन्य मार्ग की बसों के भी फेरे बढ़ाए जाएंगे। इसके अलावा आगरा, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, मेरठ सहित अन्य मार्गों पर यात्रियों का अधिक आवागमन रहेगा। जिस पर निगम की विशेष नजर रहेगी। इसके साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बसों के फेरे जरूरत के अनुसार बढ़ाए जाएंगे। इस दौरान चालक-परिचालक के साथ ही कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक रहेगी।

> दिल्ली मार्ग पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। लंबी दूरी के मार्गों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के मार्ग पर भी बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। जिसकी तैयारी चल रही है। त्योहारों पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। बसों का संचालन सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक रहेगी।
> **-राजेश पाठक,** सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, रोडवेज परिवहन निगम।

## कर्नाटक की फैक्ट्री में ब्लास्ट में बदायूं के युवक की मौत

**ककराला, अमृत विचार :** कर्नाटक के मंगलौर स्थित केमिकल प्लांट पर अलापुर थाना क्षेत्र के गांव गभियाई निवासी चार लोग एक महीने पहले मजदूरी करने के लिए गए थे। जहां रविवार को प्लांट पर बाउलर फट गया। जिसकी चपेट में आकर गभियाई निवासी कल्लू (30) पुत्र माशूक अली की मौत हो गई जबकि कुछ दूरी पर खड़ा इसी गांव निवासी कासिम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मची थी। सूचना पर पुलिस पहुंची।


मृतक कल्लू।

घायल कासिम को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन कर्नाटक रवाना हो गए हैं।

मंगलवार को शव गांव पहुंचेगा। मृतक के तीन बच्चे हैं। उसकी शादी ककराला निवासी युवती के साथ हुई थी।

## पहले दिन लगाए गए छह हजार बच्चों को टीके


स्कूल में बच्चों के साथ डॉ. मोहम्मद असलम। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** सोमवार से जनपद में प्रारंभ हुआ है यह अभियान 27 फरवरी तक चलेगा, अभियान के पहले दिन 380 स्कूलों में टीकाकरण शिविर लगाए गए। शिविरों में मीजल्स एवं रूबेला बीमारी से बचाव हेतु 6000 बच्चों को टीके लगाए गए।

टीकाकरण के नोडल डॉ. मोहम्मद असलम ने बताया कि आज से टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया है जो 27 फरवरी तक चलेगा। सोमवार के पहले दिन 380 स्कूलों में शिविर लगा कर बच्चों को टीके लगाए गए। ब्लॉक जगत क्षेत्र में 17 शिविर आयोजित किए गए। जनपद में पहले दिन 6000 बच्चों को टीके लगाए गए, अभियान के अंतर्गत 27 फरवरी तक कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी। डा.मोहम्मद असलम ने बताया कि मीजल्स एवं रूबेला बीमारी से बचाव हेतु सभी बच्चों को इस वैक्सीन की दो खुराक मिलना अति आवश्यक है, जिससे कि इस बीमारी का उन्मूलन किया जा सके। इससे पूर्व जनपद के मदरसा में 9 फरवरी को एवं छूटे हुए मदरसों में बाद में लगभग 4000 बच्चों को मीजल्स रूबेला वैक्सीन का टीका लगाया जा चुका है।

## लटके तार ठीक कराने को ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बिल्सी, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव अंबियापुर में बिजली की लाइन काफी नीचे लटक रही है। जिसकी वजह से हादसे की आशंका बन गई है। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर शीघ्र समाधान के लिए मांग की है।

गांव के देवपाल ने बताया कि गांव में पंजाब नेशनल बैंक के पीछे स्थित कॉलोनी में बिजली की लाइन काफी नीची है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बंटी ने कहा कि लाइन इतनी नीची है कि राहगीरों के संपर्क में आ सकती है, जिससे करंट लगने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दर्ज कराई है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा हादसा हो सकता है। विद्युत उपखंड अधिकारी जेपी राजपूत ने बताया कि मामला संज्ञान में आ गया है और संबंधित कर्मचारियों को लाइन दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदर्शन के दौरान देवपाल, बंटी, हरपाल, कप्तान, दुर्गेश, रिंकू, मोहनलाल, वीरवती और हरप्यारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# अरीशा ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता, अंशिका दूसरे स्थान पर

- राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित की गईं दूसरे दिन की प्रतियोगिताएं

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**


प्रतियोगिता के दौरान साथियों का उत्साहवर्धन करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्राचार्य डॉ. वंदना के नेतृत्व में बैडमिंटन का फाइनल मैच कराया गया। जिसमें बीएससी की अरीशा खान पहले, अंशिका दूसरे और अनमता इस्लाम तीसरे स्थान पर रहीं।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के बाद चक्का फेक प्रतियोगिता हुई। जिसमें बीए की छात्रा हिबा बी ने पहला, प्रीति ने दूसरा, अंशिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं तैयबा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। गोला फेंक प्रतियोगिता में भी हिबा बी ने बाजी मारी। बीएससी की अंशिका को दूसरा, बीए की अनुष्का को तीसरा स्थान मिला। भाला फेंक में तैयबा पहले स्थान पर रहीं। बीए की मंजरुल फात्मा दूसरे, बीए की ही शिवानी राठौर तीसरे स्थान पर रहीं। ऊंची कूद प्रतियोगिता में बीए की सेजल पाल विजयी बनीं। बीए की ओम श्री को दूसरा और बीए की सुरभि शर्मा को तीसरा स्थान मिला। लंबी कूद भी सेजल पाल जीतीं। ओम श्री को दूसरा और बीएससी की अंशिका को तीसरा स्थान मिला। 448 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. सतीश कुमार ने किया।


प्रतियोगिता में लंबी कूद का प्रयास करती छात्रा। ● अमृत विचार

# स्काउटिंग संस्कार है, जो बदल दे जीवन

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**


बच्चों को प्रशिक्षित करते पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय मदिरा में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। पहले दिन स्काउट-गाइड को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने, सीमित संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने, स्काउट आंदोलन की प्रतिज्ञा और नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही जल, जंगल और जमीन से प्राप्त बहुमूल्य संसाधनों के संरक्षण एवं सही उपयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक गीता सिंह ने स्काउट ध्वज फहराया। कहा कि स्काउटिंग बच्चों में कर्तव्य बोध, अनुशासन, राष्ट्र प्रेम और मानव सेवा की भावना विकसित करती है। बच्चे देश और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं। शिक्षिका संगीता रस्तोगी ने कहा कि सच्चा स्काउट वही है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी दूसरों की सहायता के लिए सदैव तैयार रहता है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्रेष्ठ संस्कारों से चिंतन, चरित्र और आचरण पवित्र हो जाता है। राष्ट्र की सेवा और आराधना करने वाले युवा देश के सच्चे सपूत हैं। युवा पीढ़ी स्काउटिंग की भावना को जीवन में उतार ले, तो कोई भी चुनौती देश की प्रगति को नहीं रोक सकती। शिक्षक राजीव कुमार के मार्गदर्शन में स्काउट-गाइड स्काउटिंग आंदोलन, आपदा प्रबंधन, बायां हाथ मिलाना, नियम, प्रतिज्ञा, सैल्यूट, ड्रिल आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षिका प्रतिभा सिंह, श्वेता गुप्ता, अनुदेशक कुसुम लता, मिथिलेश, करुणेश आदि मौजूद रहीं।

- सच्चे सपूत वही, जो राष्ट्र की करे सेवा और आराधना

# तहसील बार पदाधिकारियों ने ग्रहण की शपथ

**संवाददाता, बिसौली**



शपथ लेते अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन। ● अमृत विचार


कार्यक्रम के दौरान मंचासीन प्रशासनिक अधिकारी और वरिष्ठ अधिवक्ता।

- प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में समारोह आयोजित

**अमृत विचार :** बिसौली के तहसील सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों ने शपथ लेकर अपना कार्यकाल शुरू किया।

तहसील बिसौली के परिसर में शपथ ग्रहण के लिए सोमवार का दिन निर्धारित किया गया था। जिसके अंतर्गत बार एसोसिएशन के चुनाव में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई जानी थी। आगंतुक और तहसील बार के अधिवक्ता पूर्ण गणवेश में सभागार में उपस्थित हुए। एसडीएम राशि कृष्णा, एसडीएम न्यायिक कुमार चंद्र बाबू, तहसीलदार विजय शुक्ला, निर्वाचन अधिकारी दिनेश चंद्र शर्मा, उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष बरेली से आए श्रीश कुमार मेहरोत्रा, बिसौली कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर, अधिवक्ता रवेन्द्र पाल सिंह, भेष शरण शर्मा, आशा मिश्रा, शिवशंकर पाठक, प्रेमशंकर यादव और भुवनेश मौर्य मंचासीन हुए। संचालन कर रहे अधिवक्ता व शायर अभीक्ष पाठक ने निवर्तमान बार अध्यक्ष अनूप शर्मा को संबोधन के लिए बुलाया। साथ ही नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी।

जिसके बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिनेश चंद्र शर्मा ने अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन ने अध्यक्ष पद के लिए गोपनीयता की शपथ दिलाई।

जिसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए राकेश कुमार, सचिव गजेंद्र सिंह, सह सचिव रासू कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष नाजिम और ऑडिटर राहुल शर्मा ने शपथ ली।

## आज सैदपुर में आयोजित किया जाएगा हिंदू सम्मेलन

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर सैदपुर में सनातन संरक्षण समिति की ओर से 17 फरवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। समिति के महामंत्री आशीष देव मिश्रा ने बताया कि सम्मेलन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक सुधांशु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघचालक कृपाशंकर शर्मा करेंगे। समिति अध्यक्ष वेदप्रकाश पाराशरी, उपाध्यक्ष शशांक शर्मा, लेखराज मौर्य, सौरभ माहेश्वरी, आयुष माहेश्वरी, प्रबंधक सुधांशु पाराशरी, उपप्रबंधक मोहित शर्मा, सोनपाल मौर्य, प्रियांशु माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह, उपकोषाध्यक्ष वेदप्रकाश माहेश्वरी, मंत्री मनोज मौर्य आदि रहेंगे।

## बदायूं डायरी



### दहेमी में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

**विजय नगला, अमृत विचार :** ब्लाक सलारपुर क्षेत्र के गांव दहेमी में ग्राम प्रधान प्रशांत राठौर स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र बिनावर के चिकित्सा अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद रहे चिकित्सा अधीक्षक ने उद्घाटन के दौरान लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर दूर नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। ग्राम प्रधान प्रशांत राठौर ने बताया आयुष्मान आरोग्य केंद्र खोलने से क्षेत्र के दहेमी, गुरपुरी, विनायक, सनाया, भटपुरा, आदि गांवों के लोगों लाभ मिलेगा। इस मौके पर निर्विकार, राधा, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



### सिद्ध बाबा कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी

**बिसौली, अमृत विचार :** सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में 18 फरवरी से शुरू हो रही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कॉलेज प्रबंधन ने परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए रणनीति तैयार की है। विद्यालय में स्ट्रांग रूम बनकर तैयार है, साथ ही परीक्षार्थियों के बैठने के लिए कमरों में सीटिंग प्लान पूरा कर लिया गया है। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया शासन और प्रशासन के सभी निर्देशों का पालन करते हुए नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। वहीं परीक्षा प्रभारी विप्लव भारती ने बताया कि 17 फरवरी को सभी कक्ष निरीक्षकों की एक बैठक ली जाएगी। इसमें शासन तथा जिला प्रशासन से प्राप्त निर्देशों की जानकारी दी जाएगी।



### रोजगार सेवकों को छह महीने से नहीं मिला मानदेय

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** ब्लाक सलारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों को छह माह से मानदेय नहीं मिला है। जिसको लेकर सोमवार को खंड विकास अधिकारी को रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ब्लाक परिसर में प्रदर्शन करते हुए रोजगार सेवकों ने कहा कि उनके छः महीने से मानदेय नहीं मिला है। जिससे वह भुखमरी की कगार पर हैं। परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो रहा है। सभी रोजगार सेवकों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हमारी मांगों पर अमल नहीं हुआ तो कलम बंद हड़ताल कर कार्य बहिष्कार करेंगें। अधिकारियों से मांग की है कि होली त्योहार से पहले ही सभी रोजगार सेवकों का वेतन दिया जाए। इस मौके पर अनमोल सागर, रामकुमार सिंह, विपिन कुमार, सुधीर कुमार, होते लाल, उमेश कुमार, जसवंत सिंह, किशन पाल, दिनेश कुमार, राजवीर सिंह, पन्ना लाल, प्रेमचंद, आदि मौजूद रहे।



### शिव मंदिर पर लगने वाले मेले का किया आरंभ

**उझानी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम तेलिया नगला के शिव मंदिर पर लगने वाले मेले का सोमवार को समाजसेवी सुरेश पाल सिंह तोमर ने फीता काटकर आरंभ किया। उन्होने कहा मेले में लोगों के मनोरंजन के साधन हैं। इस तरह के मेलों से सौहार्द बढ़ता है। ग्राम रियोनईया निवासी सपा प्रत्याशी सुरजीत तोमर व उनके पिता सुरेश पाल सिंह तोमर का ग्राम तेलिया नगला में शिव मंदिर है। इस मंदिर पर हर साल मेला लगता है। सोमवार को मुख्य अतिथि सुरेश पाल सिंह तोमर ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। लोगों ने मुख्य अतिथि का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सुरेश पाल सिंह तोमर ने कहा कि इस तरह के मेलों से आपसी सौहार्द बढ़ता है। लोगों में भाईचारा बनता है। उन्होने मंदिर में माथ टेक कर आर्शीवाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय लोगों ने सुरजीत सिंह तोमर को जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव जिताने का भरोसा दिया।

# विधायक ने किया इंटरलॉकिंग का लोकार्पण

**संवाददाता, बिसौली**



कार्यक्रम के दौरान अमृत विचार पढ़ते विधायक आशुतोष मौर्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकासखंड बिसौली के संविलियन विद्यालय सुजानपुर में विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर विधायक आशुतोष मौर्य ''राजू'' ने इंटरलॉकिंग का लोकार्पण करते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

विकास क्षेत्र बिसौली के संविलियन विद्यालय सुजानपुर में विधायक निधि के अंतर्गत इंटरलॉकिंग निर्माण का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या, भाजपा ब्रज प्रांत के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरिओम पाराशरी एवं समाजसेवी नीरज वार्ष्णेय साईं राम ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्रा सुनीता एवं पूनम ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अंशुल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने आगंतुकों का स्वागत किया।

सर्वप्रथम विधायक आशुतोष मौर्य ने विद्यालय परिसर में विधायक निधि से निर्मित इंटरलॉकिंग का लोकार्पण किया तथा विद्यालय में एक पौधा रोपित किया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्रा रिंकी एवं शिवानी ने राधा कृष्ण नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नीरज वार्ष्णेय साईं राम, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अर्चना वार्ष्णेय, महिला प्रकोष्ठ मंत्री नीति आनंद, एआरपी रानी, एआरपी मचिन मिश्रा, ब्लॉक क्वालिटी कोऑर्डिनेटर अता उर रहमान, शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक मंत्री अवनीत सक्सेना, हरीश चन्द्र शर्मा, सचिन शर्मा, अमित शर्मा, उमेश चन्द्र शर्मा, योगेश शर्मा, हेमेंद्र गौतम, पुनीत शाक्य, बबलू, देवेन्द्र, एसएमसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरिओम पाराशरी, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मधुकर उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों ने थाने का भ्रमण कर देखी कार्यप्राली

**संवाददाता, बिल्सी**

**अमृत विचार:** कस्बा स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल के बच्चों ने थाने का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने पुलिस विभाग कार्यप्रणाली और सुरक्षा संबंधी ज्ञान प्राप्त किया।

शैक्षिक भ्रमण में कक्षा 7 और 8 विद्यार्थी शामिल रहे। थाना प्रभारी मनोज कुमार, एसआई वीके मौर्य और रचना देशवाल ने विद्यार्थियों को पुलिस विभाग के विभिन्न कार्यों अपराध नियंत्रण, एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, कंट्रोल रूम संचालन, वायरलेस संचार प्रणाली, लॉकअप व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, यातायात नियम तथा साइबर अपराध से बचाव की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य समाज में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इस मौके पर स्कूल शिक्षक विश्व दीपक शर्मा,, रूबी मौर्य, शिवानी सिंह, प्रीति श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।


थाने का भ्रमण करते स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### बच्चा चोरी के शक में महिला को पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के नगर के सब्जी मंडी क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक महिला को पकड़कर उसकी पिटाई लगा दी। लोगों ने महिला पर बच्चा चोरी करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और महिला को अपने साथ ले गई। मारपीट का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हो रहा है।

## हमें ढोना पड़ा तन्हा बुढ़ापा, हुए बागी सभी बेटे हमारे

**बदायूं, अमृत विचार :** रविवार की रात चिराग-ए सुखन संस्था की ओर से मोहल्ला सोथा स्थित फरशोरी मंजिल पर आयोजित मासिक तरही मुशायरे में मिसरा-ए-तरह "बहुत मशहूर हैं किस्से हमारे" पर शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश कर महफिल को यादगार बना दिया।

मुशायरे की सदारत मशहूर उस्ताद शायर डॉ मुजाहिद नाज़ बदायूंनी ने फरमाई, जबकि निज़ामत कुमार आशीष ने की।

मुशायरे की शुरुआत शम्स मुजाहिदी बदायूंनी ने नात-ए-पाक से किया। वरिष्ठ शायर डॉ. मुजाहिद नाज बदायूंनी ने कहा-हमें है नाज उर्दू बोलते हैं, बड़े शाइस्ता हैं लहजे हमारे। वरिष्ठ शायर सुरेन्द्र नाज बदायूंनी ने सुनाया - थी अबकी जंग अपनों से हमारी, कहां तक हौसले लड़ते हमारे। सादिक अलापुरी ने पढ़ा-अगर मुंह से बुरी बातें न निकलें, तो फिर हों चांद से चेहरे हमारे। शम्स मुजाहिदी बदायूंनी ने गजल पेश करते हुए कहा -हमें ढोना पड़ा तन्हा बुढ़ापा, हुए बागी सभी बेटे हमारे। कार्यक्रम संयोजक आज़म फ़रशोरी ने पढ़ा-नहीं अब ज़र्रे भी अपने हमारे, कभी हां चांद तारे थे हमारे। अरशद रसूल ने कहा -ढिंढोरा खूब पीटा जा रहा है, मगर आए न दिन अच्छे हमारे। डॉ. दानिश बदायूंनी ने कहा-वह जाकर जब मिले दिल से हमारे, हुए तब खत्म सब शिकवे हमारे। कुमार आशीष ने पढ़ा- कभी रहते थे हम सब साथ मिलकर, अना ने कर दिए टुकड़े हमारे। आख़िर में कार्यक्रम संयोजक अल्हाज आज़म फरशोरी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान अल्हाज सालिम फरशोरी, रजत गौड़, आहिल रसूल आदि मौजूद रहे।

# शहर में जाम ने बिगाड़ी यातायात व्यवस्था

## इंद्रा चौक से पुलिस लाइन चौराहे तक जाम से परेशान रहे लोग, रोडवेज की बसें जाम में घंटों फंसी रहीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सोमवार को पूरा शहर जाम से जूझता रहा। बाजारों से लेकर चौक चौराहों पर जाम के चलते लोगों को निकलना मुश्किल हो गया। सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक हर सड़क पर जाम से लोग परेशान रहे। रोडवेज की बसें जाम में घंटों फंसी रहीं। पुलिस ने किसी तरह यातायात सुचारू किया।

आज सुबह से ही सड़कों पर वाहनों का रेला देखने को मिला। सुबह सात से नौ बजे तक स्कूली वाहनों ने सड़कों पर रफ्तार के साथ दौड़ना शुरू कर दिया लेकिन सुबह नौ बजे से सड़कों पर वाहनों के पहिए थम गए। पुलिस लाइन चौराहे पर जाम की स्थिति करीब तीन घंटे तक बनी रही। सड़कों पर रोडवेज बसें भी जाम में फंसी रहीं। पुलिस लाइन चौराहे से कलेक्ट्रेट तक पूरा रोड जाम रहा। जबकि दो दर्जन से अधिक ट्रैफिक पुलिसकर्मी रोड पर मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट चौराहे से जिला अस्पताल रोड, पर भी जाम की स्थिति बनी रही। जबकि पुलिस लाइन चौराहे से इंदिरा चौक तक दर्जनों बसें जाम में फंसी रहीं। इनमें बरेली, मुरादाबाद, आंवला जाने वाली बसें शामिल थीं। जबकि उधर से आने वाली बसों को भी इंतजार करना पड़ा। दोपहर तक जाम के चलते लोगों का निकल पाना मुश्किल हो गया। दातागंज चौराहे से लेकर शहवाजपुर बाईपास तक बसें और ऑटो ई रिक्शा ने जाम और लंबा कर दिया। जाम के चलते बसें रोडवेज तक पहुंचने को परेशान रहीं। जाम के चलते यात्री बीच रास्ते में ही बस से उतर गए और ऑटो पकड़ कर अपने घरों को गए। कलेक्ट्रेट से लालपुल रोड तक जाम के चलते अधिकारियों को भी परेशानी हुयी। अधिकारियों के वाहन भी जाम के कारण अपने कार्यालय तक काफी देर के बाद पहुंचे। जिससे पुलिस की सांसे अटकी रहीं।



पुलिस लाइन चौराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार



भामाशाह चौराहे पर भरा पानी। ● अमृत विचार

### बाजारों में भी लगा रहा जाम

सोमवार को शहर के अंदर बाजारों में भी जाम ने दुकानदारों को परेशानी पैदा कर दी। दुकानों के आगे ऑटो और ई रिक्शा घंटों खड़े रहे जिससे पैदल आने जाने वालों को भी परेशानी हुयी। धुरना बाजार और सर्राफा बाजार में जाम के चलते दोपहिया वाहन भी नहीं निकल सके। शास्त्री चौक और सुभाष चौक पर पुलिस के होते हुए जाम लगा रहा। व्यापारियों ने ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल उठाए। कहा कि त्यौहारी सीजन में पुलिस को छोटे वाहनों को बाजारों से बाहर ही रोकना चाहिए। हर त्यौहार पर ऑटो और ई रिक्शा से जाम लगता है।

### भामाशाह चौक पर बिना बारिश के जलभराव

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं, अमृत विचार :** बिना बारिश के शहर के भामाशाह चौराहे पर आज जलभराव हो गया। पानी भरने से वाहन चालकों को भारी परेशानी हुयी। दो पहिया वाहन चालक और पैदल चलने वालों को काफी दूर चक्कर लगा कर रोडवेज तक पहुंचना पड़ा। सड़क किनारे पानी की पाइप लाइन लीकेज होने के कारण जलभराव रहा। सोमवार को भामाशाह चौक के निकट पानी की पाइप लाइन लीकेज होने लगी जिससे सड़क पर पानी भर गया। साथ ही चौराहे के निकट बीज भंडार की दुकान के आगे सड़क खोदी गयी है जिससे पानी का बहाव रुक गया है। पाइप लीकेज के चलते आज सुबह से ही चौराहे पर पानी भरा रहा। पानी से गुजरते वाहनों से पानी के छींटों से लोगों के कपड़े खराब होते रहे। बसों और कारों के निकलने से आसपास की सड़कों पर भी पानी के कारण फिसलन पैदा हो गयी। दोपहिया वाहन फिसलते रहे लेकिन कोई चोटिल नहीं हुआ। नगर पालिका प्रबंधन की ओर से बताया गया कि एक जगह पर पाइप लीकेज हो रहा है जिससे पानी ऊपर निकलने लगा है। आज शाम तक लीकेज ठीक कर दी जाएगी। पालिका प्रशासन ने बताया कि शहर में कुछ स्थानो पर पाइप लीकेज की सूचना है जिस पर काम किया जा रहा है। देर शाम पर लीकेज ठीक कर दी जाएगी।

## अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

- पीड़ित परिवार ने अस्पताल संचालक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** शहर के नवादा स्थित एक निजी अस्पताल में महिला का पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अस्पताल में भारी हंगामा हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव बरागोदर निवासी मनोहर मौर्य ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी प्रेमवती के पित्त की थैली में पथरी थी। जिससे वह परेशान रहती थी। 14 फरवरी को पीड़ित अपनी पत्नी को शहर के नवादा स्थित अस्पताल में लेकर आया। जहां डॉक्टर ने उसकी पत्नी का ऑपरेशन करने की बात कही। पीड़ित ने अपनी पत्नी प्रेमवती को अस्पताल में भर्ती करा दिया। जिसके बाद प्रेमवती का रविवार सुबह करीब 10 बजे ऑपरेशन किया गया।

ऑपरेशन के बाद महिला को जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया। थोड़ी देर बाद महिला ने हाथ पैर चलाना बंद कर दिये। इसके बाद पीड़ित डाक्टरों से पत्नी के स्वास्थ्य के बारे में बताता रहा, लेकिन डॉक्टरों ने उसकी एक न सुनी। डॉक्टर की मनमानी के चलते उसकी पत्नी की मौत हो गई। पीड़ित ने अस्पताल प्रबंधक ऋषभ अग्रवाल के खिलाफ थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर अस्पताल संचालक डा. ऋषभ अग्रवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस जांच कर रही है।



मिलेनियम अस्पताल पर महिला की मौत के बाद मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

# जिला स्काउट मास्टर को दिया गया हिमालय वुडबैज पार्चमेंट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लखनऊ के साउथ सिटी स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में भारत स्काउट-गाइड संस्था की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। जिले के जिला स्काउट मास्टर स्वदेश चंद्र को प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला मुख्य आयुक्त अधिवक्ता महेश चंद्र सक्सेना ने हिमालय वुडबैज पार्चमेंट से विभूषित किया।

भारत स्काउट गाइड संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह और प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने सम्मानित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। जिला संगठन कमिश्नर मुहम्मद असरार ने बताया कि पूरे प्रदेश में स्काउट वर्ग में 31 स्काउट मास्टर और गाइड वर्ग में एक गाइड कैप्टन, 18 रोवर लीडर को यह सम्मान प्राप्त हुआ। इसके अलावा चार लीडर ट्रेनर (स्काउट), 12 सहायक लीडर ट्रेनर (स्काउट), एक सहायक लीडर ट्रेनर (कब), एक सहायक लीडर ट्रेनर (रोवर), 8 सहायक लीडर टेंडर (गाइड), लखनऊ में हुई 19वीं राष्ट्रीय नेशनल जंबूरी में अतुलनीय सहयोग देने वाले 67 पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। बैठक में पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा, राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त महेश चंद्र पाठक, राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त संगीता शर्मा, अर्चना वार्ष्णेय, कंचन सक्सेना आदि मौजूद रहीं।



लखनऊ में जिला स्काउट मास्टर स्वदेश चंद्र को सम्मानित करते प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना व अन्य।

# स्कूली बच्ची की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा

- स्कूल में ब्रेसलेट का मोती खाने से मौत का आरोप
- स्कूल प्रबंधन पर लगा बच्ची को मारने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ककराला के एक स्कूल में छह साल की बच्ची की अचानक हालत बिगड़ गयी। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया जिसके बाद कई घंटे तक अस्पताल में हंगामा होता रहा। पीड़ित परिवार ने स्कूल प्रबंधन पर बच्ची को मारने का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम करा कर कार्यवाही करने की बात कही है।

थाना अलापुर के ग्राम उधैनी निवासी नेकचंद्र की छह साल की पुत्री तापसी ककराला के न्यू हॉप्स सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कक्षा केजी में पढ़ती थी। परिजनों ने बताया कि तापसी सोमवार को सुबह घर से खाना खाकर स्कूल गयी। स्कूल में कुछ देर के बाद उसकी हालत बिगड़ गयी। जिसके बाद स्कूल के प्रधानाचार्य भूराज सिंह व अन्य शिक्षक बच्ची को ककराला के ही एक डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। वहां से बच्ची को जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची की हालत बिगड़ने की सूचना पर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने बच्ची के शव को उठा लिया और हंगामा करने लगे। बच्ची के पिता नेकचंद्र ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से बच्ची की मौत हुई है। पीड़ित परिवार ने स्कूल संचालक के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही। हंगामा बढ़ने पर सुरक्षाकर्मी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्ची के हाथ में ब्रेसलेट था। बच्ची ने ब्रेसलेट का एक मोती छुटाकर मुंह में रख लिया, जिससे बच्ची की हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। इसमें स्कूल प्रबंधन की गलती नहीं है। स्कूल प्रबंधन ने स्कूल में लगे कैमरे भी देखे जिसमें बच्ची के हाथ में ब्रेसलेट देखा गया। जबकि पीड़ित परिवार का कहना है कि बच्ची के हाथ में ब्रेसलेट नहीं था। इस मामले को लेकर करीब तीन घंटे तक हंगामा होता रहा। पीड़ित परिवार ने शव का पोस्टमार्टम करने की बात कही है जिसके बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया।



बच्ची के शव को कंधे पर लेकर घूमता पिता। ● अमृत विचार

### हंगामा के चलते परेशान रहे मरीज

बच्ची की मौत के बाद जिला अस्पताल में काफी देर तक हंगामा होता रहा। डॉक्टर भी ओपीडी से बाहर आ गए। जिससे लाइन में लगे मरीजों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। स्थिति सामान्य होने पर डॉक्टरों ने मरीजों को देख कर दवा लिखी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि बच्ची की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी।

> श्वांस नली में ब्रेसलेट का मोती चला जाए तो श्वांस लेने में तकलीफ होती है और कुछ ही देर में मौत भी हो जाती है। बच्ची की मौत का कारण भी यही होगा। अब इसकी सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आएगी। **-डॉ. अमित कुमार**, सीएमएस, जिला अस्पताल।

# अधिक से अधिक गन्ना उत्पादन करें किसान

- ब्लॉक कार्यालय में किसान गोष्ठी में बोले-डीपी यादव

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** सोमवार को डीपी यादव ने इस्लामनगर स्थित विकास खंड कार्यालय परिसर में किसानों की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की, जिसमें क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खेती, गन्ना मूल्य, उद्योग और क्षेत्रीय विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

पूर्व मंत्री ने किसानों से अधिक से अधिक गन्ना उत्पादन करने का आह्वान करते हुए कहा कि एक समय ऐसा भी था जब क्षेत्र के किसान मात्र 100 रुपये प्रति कुंटल के भाव पर गन्ना बिलारी व अन्य चीनी मिलों में बेचने को मजबूर थे। उन्होंने कहा कि आज परिस्थितियां बदली हैं और इसका श्रेय किसानों की मेहनत और सही नीतियों को जाता है।

डीपी यादव ने मंच से वर्तमान नेताओं को खुली चुनौती देते हुए कहा कि केवल मीडिया के सामने बयानबाजी करने से विकास संभव नहीं है। विकास के लिए जमीनी स्तर पर काम करना पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि जनपद में दो चीनी मिलों की स्थापना उनके प्रयासों से संभव हुई, जिससे न केवल किसानों को लाभ मिला बल्कि क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़े। उन्होंने कहा कि डिग्री कॉलेज और विद्यालयों की स्थापना कर युवाओं के भविष्य को मजबूत करने का कार्य किया गया। उनका कहना था कि जब तक शिक्षा और उद्योग साथ-साथ नहीं बढ़ेंगे, तब तक क्षेत्र का समग्र विकास संभव नहीं है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि किसानों की समस्याओं को समझते हुए उद्योगों की स्थापना कराई गई, जिसमें हजारों लोगों को रोजगार मिला है। किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनका सम्मान सर्वोपरि है और उनकी उपेक्षा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हो सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मंच राजनीतिक नहीं, बल्कि किसानों के स्वाभिमान की आवाज है। जो किसान का सम्मान करेगा, वही जनता के दिलों पर राज करेगा। गोष्ठी के दौरान किसानों ने भी अपनी समस्याएं रखीं और समाधान की मांग की। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



गोष्ठी को संबोधित करते डीपी यादव। ● अमृत विचार

## खेत में पानी लगा रहे मजदूर की मौत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव भवानीगंज निवासी मुन्ना राठौर (45) पुत्र मंगली गांव के एक खेत में सिंचाई करते समय अचानक वह गिर गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक मुन्ना राठौर के भतीजे रवि राठौर ने बताया कि उनके चाचा गांव के ही बाबू सिंह के खेत में सिंचाई करने गए थे। खेत में मौजूद अभय प्रताप ने मुन्ना के परिजनों और खेत मालिक को सूचना दी, तत्काल उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रवि राठौर ने बताया की उनके चाचा अविवाहित थे। वह बाबू सिंह के यहां काफी दिनों से मजदूरी का काम करते थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# किन्नरों को बंधक बनाकर पीटा, बाल काटे

- पीड़ितों ने पुलिस को दी तहरीर शुरू की गई है जांच

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** किन्नरों के दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश एक बार फिर खुलकर सामने आ गई। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की चार किन्नरों को रास्ते में घेरकर बंधक बना लिया और मारपीट की। पीड़ित किन्नर पक्ष ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की ।

नगर पंचायत कुंवरगांव के वार्ड त निवासी रज्जो किन्नर के चार चेले मुस्कान, विनीता, बबलू और किशन महाशिवरात्रि मेले में कार्यक्रम करने कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव दिधौनी गांव गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सोमवार तड़के वह ऑटो से वापस लौट रहे थे। आरोप है कि अंबियापुर चौराहे के पास दूसरे गुट के लोगों ने उन्हें रोक लिया। 15-20 लोगों ने उन्हें ऑटो से बाहर निकाला और अपने साथ ले गए। इसके बाद एक मकान में बंधक बनाकर मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने नकदी और जेवरात छीन लिए। अपमानित करने के उद्देश्य से उनके बाल काट दिए। एक पीड़ित को इस दौरान किसी का मोबाइल मिल गया। उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस को देख आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने चारों को मुक्त कराकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष ने बिल्सी थाने में तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**
**9756905552, 8445507002**

**सूचना**

सूचित किया जाता है की पीटीएल क्राइस्ट एकडमी सम्पूर्णानगर-जिला लखीमपुर खीरी में एक मिनी बस जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर UP 16T 3431 है जो की कबाड़ में बेचनी है। इच्छुक खरीददार संपर्क करें मो. नं. 9451290154

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरी पुत्री का नाम एस. प्रीजा सिद्धार्थ (S. PRIJA SIDDHARTHA) था जिसे बदलकर अब मैंने प्रीजा सिद्धार्थ (PRIJA SIDDHARTH) कर दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को प्रीजा सिद्धार्थ (PRIJA SIDDHARTH) नाम से जाना व पहचाना जाये। **प्रमोद कुमार पुत्र हरद्वारी लाल नि. ग्राम कटहा पो. रकेहटी जिला खीरी।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र चन्द्रसेन (आर्मी) पुत्रवधू आशा देवी को उनके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में वे अपने द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होगे। **नन्हे लाल पुत्र रामचरन लाल नि. ग्राम गुलड़हाई, भदपुरा तहसील नवाबगंज बरेली। मो. 097585 36907**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सतनाम सिंह एवं पुत्रवधू स्वर्णप्रीत कौर को उनके गलत आचरण और क्रियाकलापों से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य/अपकृत्य से मेरा कोई लेना-देना नही है। **रणजोद् सिंह पुत्र हजारा सिंह निवासी ग्राम नवाजपुर, थाना खुटार, जिला शाहजहांपुर**

**आवश्यकता**

मनमीत नगर महाविद्यालय, जगदेवपुर भीरा-खीरी को एम.ए. (कला संकाय) सहायक आचार्य 02 पद, (गृह-विज्ञान 01 पद, हिन्दी साहित्य 01 पद एवं बी.एड. शिक्षा संकाय विभागाध्यक्ष 01 पद) (योग्यता व वेतन यू.जी.सी. के मानकानुसार) आवेदन 10 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें।

**सम्पर्क सूत्रः- 7080844848, 7080223332**
**ई-मेल- mnmv21@gmail.com**

**आवश्यकता**

मनमीत नगर लॉ कॉलेज जगदेवपुर भीरा-लखीमपुर-खीरी को एल.एल.बी. (विधि संकाय) सहायक आचार्य 05 पद (योग्यता व वेतन यू.जी.सी. के मानकानुसार) आवेदन 10 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें।

**सम्पर्क सूत्रः- 7080844848, 7080223332**
**ई-मेल- manmeetnagar37@gmail.com**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

- सुनीता गार्डन में संपन्न हुआ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** सोमवार को शहर के सुनीता गार्डन में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का कर्तव्य बोध दिवस एवं शैक्षिक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य शिक्षकों में कर्तव्य बोध की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सुधांशु जी ने राष्ट्र के प्रति शिक्षकों के कर्तव्यों और छात्रों के भविष्य की नींव रखने वाले अध्यापकों की महत्वता पर प्रकाश डाला। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों की बढ़ती सहभागिता यह दर्शाती है कि संगठन के प्रति विश्वास निरंतर मजबूत होता जा रहा है।

पूर्व पालिका चेयरमैन दीपमाला गोयल ने कहा कि शिक्षकों का ध्येय राष्ट्र हित में शिक्षा को समाज के हित में कार्य करना चाहिए। इस दौरान वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा श्याम मोहन दास गुप्ता, प्रांतीय संयुक्त मंत्री प्रियंका शुक्ला, एवं खंड शिक्षा अधिकारी कादरचौक दिलीप कुमार कनौजिया ने भी अपने विचार प्रकट किए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह के अनुमोदन उपरांत प्रत्येक ब्लाक से चयनित 5 उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा 2 निपुण ओर उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को संघ की ओर से प्रमाण-पत्र एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बदायूं के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। संघ के जिला संयोजक दुष्यंत रघुवंशी, दिनेश गुप्ता, प्रदीप कुमार, सोनी गुप्ता, अंकुर कुमार आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि और शिक्षक। ● अमृत विचार

# पूर्व विधायक ने हस्तशिल्पियों को बांटे कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सौजन्य से रमजानपुर में कालीन, जरी,सिलाई, एंब्रॉयडरी के हस्तशिल्पियों,आर्टिजन को कार्ड वितरण किया गया।

ग्राम रमजानपुर में आयोजित कार्यक्रम में वस्त्र मंत्रालय के सीटीओ. आदित्य कुमार मल्ल ने महिला समूह को संबोधित करते हुए कहा कि कार्ड धारक महिला को 50 हजार का मुद्रा लोन सुलभता से मिलेगा। १ माह की ट्रेनिंग के दौरान *०० रुपये प्रति दिन मिलेंगे। जनपद में कार्ड धारक कम हैं। इसलिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य पप्पू ने हस्तशिल्पियों को कार्ड वितरित किए। अधिकारियों के साथ गांव में कालीन और सिलाई का काम का देखा।

कादरचौक ब्लॉक मिशन मैनेजर संजीव यादव ने फ्री सिलाई मशीन प्राप्त महिलाओं के समूह बनाने को प्रेरित किया। समूह सखी निज़ामपुर रेखा, समूह सखी रमजानपुर नाजिया बी व राहत जहां, समूह सखी खितौलिया सुनीता देवी लोधी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। सुनील कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर तथा बब्बू शेख, भूरे कुरैशी, डोरीलाल, मोःअजिज नफ़ीस सेंटो, बिलाल शेख आदि का सहयोग रहा जागरुकता शिविर का संचालन रिसोर्स पर्सन सलमान ज़मीर उर्फ चांद मियां ने किया।



महिला को कार्ड देते पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य उर्फ पप्पू। ● अमृत विचार

